



गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

पेज ›› 12 मूल्य ›› 3 रुपये ›› वर्ष ›› 15 अंक ›› 026 epaper.rashtriyakhabar.com माघ, कृष्णपक्ष प्रतिपदा, विक्रम संवत 2080 web: www.rashtriyakhabar.com


**छुट्टी की सूचना**

गणतंत्र दिवस के अवसर पर राष्ट्रीय खबर हमारी नजर का कार्यालय 26 जनवरी को बंद रहेगा। सुधी पाठकों को अगला अंक 28 जनवरी को उपलब्ध होगा।

संपादक

## विदुर नीति

न सा सभा यत्र संति वृद्धा, न ते वृद्धा ये न वदंति धर्मम्।

नासौ धर्मो यत्र न सत्यमस्ति, न तत्सत्यं यच्छलेनाभ्युपेतम्॥

भावार्थ : वह सभा सभा कहलाने के योग्य नहीं जिसमें वृद्ध न हों। वह वृद्ध वृद्ध नहीं कहा जा सकता जो धर्म न बताए। वह धर्म धर्म नहीं होता जिसमें सत्य न हो, वह सत्य सत्य नहीं कहा जा सकता जिसमें कपट हो।

**रांची पारा अपडेट**

| मैक्सिमम | मिनीमम |
|---|---|
| 22.00 °c | 8.00 °c |

सूर्यास्त (आज) ›› 17 .30 बजे

सूर्योदय (कल) ›› 06 .31 बजे

# कई कल्याणकारी योजनाओं का शुभारंभ किया मोदी ने

- राम मंदिर की भी चर्चा की
- 19 हजार करोड़ की परियोजनाएं
- पहले सत्ता ने देश को कमजोर किया

**राष्ट्रीय खबर**

**नईदिल्ली:** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उत्तरप्रदेश से बुलंद शहर से भाजपा के लोकसभा चुनाव अभियान की लगभग शुरूआत कर दी। यहां की अनेक परियोजनाओं को प्रारंभ करने के मौके पर उन्होंने अपनी बातों से इसका साफ संकेत दे दिया। वैसे इस मौके पर उत्तपर प्रदेश की गवर्नर आनंदीबेन पटेल, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, उप-मुख्य मंत्री बृजेश पाठक , केंद्रीय मंत्री वीके सिंह, भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी जैसे लोग मौजूद थे। श्री मोदी ने कहा, 22 तारीख कअयोध्या धाम में प्रभु श्रीराम के दर्शन हुए और अब यहां जनता जनार्दन के दर्शन का सौभाग्य मिला है। आज पश्चिमी यूपी को विकास के लिए 19 हजार करोड़ रुपए से अधिक के प्रोजेक्ट भी मिले हैं। ये प्रोजेक्ट्स रेल लाइन, हाईवे, पेट्रोलियम पाइपलाइन, पानी, सीवेज, मेडिकल कॉलेज और औद्योगिक शहर से जुड़े हुए हैं। आज यमुना और राम गंगा की स्वच्छता से जुड़े प्रोजेक्ट्स का भी लोकार्पण हुआ है। मैं बुलंदशहर सहित पश्चिमी उत्तर प्रदेश के सभी मेरे परिवारजनों को इसके लिए बहुत-बहुत बधाई देता हूं।













राष्ट्रीय खबर हमारी नज़र
web : www.rashtriyakhabar.com
epaper.rashtriyakhabar.com

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं



साजिद आलम
उप मुखिया
पंचायत राज
हथवाड़ा सह
प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष
फलका कटिहार

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं



अनिल कुमार मंडल
मुखिया
रेवासी पंचायत,
रीगा

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं



चन्द्र भूषण प्रसाद सिंह
प्रधानाध्यापक
मध्य विद्यालय
बेला

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

सरदार रौनक सिंह सेठ
युवा समाजसेवी
राष्ट्रीय अध्यक्ष
खालसा हेल्पर्स ट्रस्ट
सह महासचिव
श्री गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी
गया




गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं



वीरेंद्र पँजियार
मिलर
पूर्व पैक्स अध्यक्ष
भुतही,
सोनबरसा

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं



ललित नारायण पंडित
मुखिया
जयनगर
सोनबरसा

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं



रविरंजन कुमार
मुखिया
दरवेशपुरा पंचायत
अध्यक्ष
कतरीसराय प्रखंड
मुखिया संघ, नालंदा

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं




राखी भदानी
अध्यक्ष सह समाजसेवी महिला
रोटरी क्लब ऑफ गया
पार्टनर
सेरेमोनिया बैंकवेंट हॉल
कटारी हिल रोड गया

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं



प्रियरंजन डायर
चेयरमैन
डायर फाउंडेशन सह
निदेशक
संत थोमस एकेडमी
दुर्गास्थान,
गेवालबिगहा, गया

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं




बलराम साह
वार्ड सदस्य वार्ड संख्या 8
युवा समाजसेवी सह
भावी मुखिया प्रत्याशी
पंचायत राज बांसगांव
मंझरिया

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं



पुरूषोत्तम कुमार सिन्हा
उर्फ पप्पू
जिला परिषद सदस्य
अस्थावां पूर्वी
अस्थावां, नालंदा, बिहार

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं



सतीश कुमार
वरिष्ठ भाजपा नेता
ताजनीपुर,
बिंद, नालंदा,
बिहार

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं



बृजेश राम
मुखिया
पंचायत राज बांसगांव
मंझरिया, बगहा–एक

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं



श्वेत मणि
उर्फ तुषार सिंह
भाजपा नेता
बगहा

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं



आशा देवी
मुखिया
पंचायत राज
नयागांव
रामपुर, बगहा – 2

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं



तबरेज आलम
पूर्व प्रमुख
भीतहा सह बीडीसी
परसौना,
भीतहां

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं



सुशील शर्मा
जिला पार्षद
प्रतिनिधि
भितहां

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं



मुन्ना दास
मुखिया
प्रतिनिधि सह भाजपा
नेता पंचायत राज
भैरोगंज प्रखंड बगहा–1

## शहर >> अपडेट

**जननायक एक्सप्रेस में फायरिंग**

**समस्तीपुर** : जिले में कपूरी ग्राम स्टेशन के पास जननायक एक्सप्रेस ट्रेन में बुधवार को जमकर लूटपाट हुई। दरभंगा से अमृतसर जा रही जननायक एक्सप्रेस में लूटपाट के दौरान फायरिंग की घटना भी हुई। जिसमें एक यात्री को गोली लगने के बाद अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वहीं पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। जिससे कड़ी पूछताछ की जा रही है।

**दरभंगा से दिल्ली जाने वाली फ्लाइट को बम से उड़ाने की धमकी**

**पटना** : देश प्रमुख हवाईअड्डों में से एक दिल्ली आईजीआई एयरपोर्ट पर धमकी भरा कॉल आया। जानकारी के अनुसार दरभंगा से दिल्ली जाने वाली स्पाइस जेट की एक फ्लाइट में बम होने की सूचना दी गई। सूचना मिलते ही आईजीआई एयरपोर्ट पर फुल इमरजेंसी घोषित कर दी गई। विमान की जांच के बाद पुलिस ने बताया कि ये कॉल हॉक्स था। कॉल करने वाले का पुलिस पता लगा रही है। एजेंसियों से मिली जानकारी के अनुसार आईजीआई इंटरनेशनल एयरपोर्ट के कंट्रोल रूम में बुधवार को यह फोन कॉल आया था, जिसके बाद हड़कंप मच गया।

## संक्षिप्त >> अपडेट्स

**स्कूल बंद करने के मामले में डीएम ने की सीएस से हस्तक्षेप की मांग**

**पटना** : जिला पदाधिकारी चन्द्रशेखर सिंह ने बुधवार को बिहार के मुख्य सचिव से शिक्षा विभाग के अंतहीन पत्राचार को लेकर की शिकायत की। शिक्षा विभाग के पत्र में शीत लहर के मद्देनजर पटना में स्कूलों को बंद करने पर आपत्ति जताई गई थी। सिंह ने माध्यमिक शिक्षा के निदेशक के पत्र का कड़ा जवाब देने के दो दिन बाद मुख्य सचिव आमिर सुबहानी को एक पत्र लिखा है। इन पत्रों का आदान-प्रदान उस दिन हुआ जब राज्य की राजधानी से पटना से बमुश्किल 70 किलोमीटर दूर मुजफ्फरपुर जिले में 10 साल के एक स्कूली लड़के की मौत हो गई जिसके लिए परिवार के सदस्यों ने सर्द मौसम को जिम्मेदार ठहराया। हालांकि, स्थानीय प्रशासन ने इसकी पुष्टि नहीं की।

**गणतंत्र दिवस की तैयारियां अंतिम चरण में**

**पटना** : राज्य में भी गणतंत्र दिवस की तैयारी अंतिम चरण में है। मुख्य समारोह स्थानीय गांधी मैदान में आयोजित किया गया है। जहां राज्यपाल राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर झंडोत्तोलन करेंगे। परेड को लेकर प्रमंडलीय आयुक्त कुमार रवि के नेतृत्व में फुल ड्रेस रिहर्सल किया गया। प्रमंडलीय आयुक्त ने बताया कि इस वर्ष गणतंत्र दिवस परेड में सुरक्षा बलों की 17 टुकड़ियों के साथ चौदह विभागों की झांकियां शामिल होंगी।

**शीतलहर की चपेट में बिहार, बेअसर रहा धूप**

**पटना** : राजधानी समेत पूरा प्रदेश कड़ाके की ठंड के चपेट में है। राज्य के अधिकतर भागों में शीत लहर की स्थिति बनी हुई है। चंपारण, बांका, गया, भागलपुर, गोपालगंज, औरंगाबाद और कैमूर समेत राज्य के उत्तर-पश्चिम, दक्षिण-पूर्व और दक्षिण-मध्य भागों में भीषण शीत लहर से जन-जीवन बुरी तरह प्रभावित है। मौसम विज्ञान केन्द्र के वैज्ञानिक कमल सिंह गुप्ता ने बताया कि अगले चार दिनों तक प्रदेश के अधिकतर भागों में चार दिनों तक शीत दिवस की स्थिति बनी रहेगी। वहीं, राज्य के उत्तर-पश्चिम, उत्तर-मध्य, दक्षिण-पश्चिम और दक्षिण-मध्य भागों में अगले दो दिनों भीषण शीत लहर को लेकर रेड अलर्ट जारी किया गया है।

आंदोलन

### 11 वीर सपूतों ने दिया था बलिदान

# अंग्रेजो भारत छोड़ो आंदोलन व हिलसा थाना का गोलीकांड से हिल गई थी गोरों की चूलें






▶▶ हिलसा थाना पर आजादी के दीवानों ने फहराया था तिरंगा

▶▶ ब्रिटिश हुकूमत के सिपाहियों की उतरवायी थी वर्दी

**रणजीत सिंह, ब्यूरो चीफ**

**बिहार शरीफ :** भारत को आजादी दिलाने में हिलसा के भी नौजवान पीछे नहीं रहे थे। अगस्त क्रांति के दौरान आजादी के दीवाने यहां के नौजवानों ने न केवल हिलसा थाने पर तिरंगा फहराया था, बल्कि ब्रिटिश हुकूमत के सिपाहियों की वर्दी भी उतरवा दी थी। जिससे बौखलाये ब्रिटिश सिपाहियों द्वारा चलाई गई अंधाधुंध गोली से हिलसा के 11 नौजवान बलिदानी हो गए थे। जबकि अनुमंडल के कई स्वतंत्रता सेनानियों की जिंदगी जेल में कटी थी। बताया जाता है कि भारत छोड़ो आंदोलन के दौरान 1942 की अगस्त क्रांति के दौरान पटना में एक साथ सात युवा शहीद हो गए थे। 11 अगस्त 1942 को पटना से आए छात्रों ने पटना में हुए गोलीकांड में शहीद साथियों को याद करते हुए हिलसा के रामबाबू हाई स्कूल के मैदान में एकत्रित होकर हिलसा थाना पर चढ़ाई करने की योजना बनाई थी। 15 अगस्त 1942 को हिलसा के देशभक्त नौजवानों ने अंग्रेजों भारत छोड़ो के जोश पूर्ण इंकलाबी नारों के साथ विशाल जुलूस निकालकर हिलसा थाने पर धावा बोल दिया था।

इसमें आजादी के दीवाने 11 छात्र नौजवान वहीं पर शहीद हो गए तथा दर्जनों जख्मी हो गए थे। बुजुर्गो से सुनी बातों के अनुसार, संध्या समय भीड़ हटने पर 12 नौजवानों का लहूलुहान शरीर हिलसा थाने के ठीक सामने जमीन पर पड़ा था। उसी जमीन पर 12 नौजवानों का शरीर एकत्रित कर जलाने के लिए पुलिस ने पेट्रोल छिड़क दिया था। पेट्रोल की शीतलता से मियां बीघा गांव के घायल नौजवान राम बिहारी त्रिवेदी की नींद टूटी तो वे कराहते हुए पानी मांग रहे थे। पास के एक दुकानदार रामचंद्र साहब ने तब उन्हें पहचाना था कि ये तो पोस्ट मास्टर बाबू के लड़के हैं। तब सिपाहियों ने चिता पर से उन्हें हटाकर पानी पिलाया था जिसके बाद होश आने पर उन्होंने चिता पर पड़े अपने 11 साथियों की गिनती की थी। जिसके बाद वही पर 11 शहीदों को आग के हवाले कर दिया गया था। शहीद होने वाले में हिलसा थाने के कछियावां निवासी 28 वर्षीय बालगोविद ठाकुर एवं कछियावां के ही 18 वर्षीय नारायण पांडेय, बढ़नपुरा के 20 वर्षीय सदाशिव महतो, बनबारा के 32 वर्षीय केवल महतो, हिलसा के 18 वर्षीय सुखारी चौधरी, गन्नीपुर के 21 वर्षीय दुखन राम, बनबारीपुर के 18 वर्षीय रामचरित्रर दुसाध , हिलसा के 25 वर्षीय शिवजी राम, मलावां के 19 वर्षीय हरिनंदन सिंह, बनबारा के 21 वर्षीय भोला सिंह, इंदौत के 20 वर्षीय भीमसेन महतो शामिल थे। बताया जाता है कि उसी दिन हिलसा के श्री भगवान सिंह, जमुआरा के सहदेव सिंह एवं अन्य कांग्रेसी कार्यकताओं को पुलिस ने गिरफ्तार कर हाजत में बंद कर रखा था।

## हीरक जयंती पर कमांडेंट एसएसबी ने सीमा पर जवानों के साथ गस्त लगाया



**राष्ट्रीय खबर**

**बेतिया:** सशस्त्र सीमा बल 44 वीं वाहिनी ने भारतीय गणतंत्र की हीरक जयंती (75 वें गणतंत्र दिवस) पर भारत-नेपाल अंतर्राष्ट्रीय सीमा की उच्च स्तरीय सतर्कता बरती जा रही है। एसएसबी सूत्रों ने खबर दी है कि बलवंत सिंह नेगी कमांडेंट 44 वाहिनी ने सुरक्षा पर पैनी निगाहें (तीक्ष्ण दृष्टि) के लिए स्वयं गस्ती दल के साथ भारत नेपाल अंतर्राष्ट्रीय सीमा स्तम्भ संख्या 420/3 से लेकर 448 तक लम्बी दूरी के गस्ती किया। अंतरराष्ट्रीय सीमा पर चौकसी बरतने के दृष्टिकोण से एसएसबी के कमांडेंट ने समुचित दिशा निर्देश दिया। उनकी इतनी लम्बी गस्ती में 44 वाहिनी सशस्त्र सीमा बल के पुरुष व महिला कर्मी, वन विभाग व एपीएफ नेपाल के बलकर्मी शामिल रहे है। उपर्युक्त जानकारी एसएसबी 44 वीं वाहिनी की प्रचार शाखा मुख्यालय नरकटियागंज ने मीडिया को दी।

## राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर जोड़े गए नए मतदाताओं का नाम

**राष्ट्रीय खबर**

**सुगौली, पू.च :** 14वाँ राष्ट्रीय मतदाता दिवस 25 जनवरी 2024 को जिला निर्वाचन की ओर से सभी बुथों पर वोटर लिस्ट में नये मतदाता जो 18 वर्ष के हो गये हैं उनका नाम जोड़ने कार्यक्रम है ताकि कोई मतदाता अपने मताधिकार से छूटे नहीं। इसी क्रम पं.दीनदयाल बालिका उच्च +2 विद्यालय सुगौली के बुथ संख्या 204, 205 एवं 206 के बी.एल.ओ.दीपमाला कुमारी, मो.नसीरुद्दीन आलम एवं वशी आलम ने अपने अपने बुथ नये मतदाता का नाम जोड़ने का कार्य किया गया।भाजपा नेता श्री चौधरी ने कहा कि आयोग द्वारा चुनावों के दौरान मतदाताओं को प्रदान की जाने वाली डाक मतपत्र (पोस्टल बैलेट पेपर) सुविधा, मतदान केंद्रों पर सुनिश्चित न्यूनतम सुविधाएं, ईवीएम/वीवीपैट,वोटर हेल्पलाइन मोबाइल ऐप,नैतिक मतदान इत्यादि पर बनी वीडियो व फिल्में भी मतदाताओं की जागरूकता के लिए समारोह के दौरान प्रदर्शित की जाएगी। मौके पर भाजपा नेता अंकुर चौधरी,मो.जाकिर हुसैन ईत्यादि उपस्थित रहें।

## बेतिया पुलिस ने 14वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर ली शपथ




▶▶ थानों में मतदाताओं को ली जाने वाली शपथ दिलाई गई

**राष्ट्रीय खबर**

**बेतिया:** पश्चिम चम्पारण जिला मुख्यालय बेतिया स्थित बेतिया पुलिस मुख्यालय में दिनांक 25 जनवरी 2024 को14 वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर पुलिस अधीक्षक, बेतिया पश्चिम चम्पारण ने आवासीय कार्यालय पर मतदाताओं को दिलाई जाने वाली शपथ पुलिस पदाधिकारियों को दिलाया। इस कार्यक्रम में बेतिया पुलिस के अन्य पुलिस पदाधिकारी एवं कर्मी शामिल हुए। इसके अतिरिक्त बेतिया पुलिस जिला के सभी कार्यालय/थानों में मतदाताओं को ली जाने वाली शपथ दिलाई गई। उपर्युक्त जानकारी पुलिस अधीक्षक बेतिया कार्यालय ने मीडिया को उपलब्ध कराया।

## पटना में सम्मानित हुए बिहार लोक सेवा आयोग के टॉपर



**राष्ट्रीय खबर**

**पटना :** 68वीं बिहार लोक सेवा आयोग की परीक्षा की अंतिम परिणाम सूची में स्थान पाने वाले टॉपर्स को एक सेमिनार के दौरान सम्मानित किया गया। यह सेमिनार पीडब्लू ओनली आईएएस के पटना सेंटर पर आयोजित किया गया। जिसमें सौरव रंजन (रैंक 5), आकाश कुमार (रैंक 9), स्मृति आनंद (रैंक 29), अनुप्रिया कुमारी (रैंक 49) सहित 68वीं बीपीएससी परीक्षा के लगभग 10 टॉपर को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर परीक्षा में सफल अभ्यर्थियों ने अपने अनुभव भी बीपीएससी तैयारी छात्रों से साझा की। सेमिनार का मुख्य उद्देश्य युवा अभ्यर्थियों को बीपीएससी तैयारी से जुड़े टॉपर्स के निजी अनुभव व अन्य जानकारियाँ प्राप्त करने का अवसर प्रदान करना था। ताकि, वे एक ईमानदार अभ्यर्थी होने के नाते परीक्षा की तैयारी से जुड़े आवश्यक तथ्यों की बारीकियों को सीख सकें। बीपीएससी की यात्रा के दौरान आने वाली अप्रत्याशित चुनौतियों को केवल वे ही समझ सकते हैं, जो स्वयं इससे गुजरे हैं और वे ही युवा अभ्यर्थियों को सर्वोत्तम/उचित मार्गदर्शन प्रदान कर सकते हैं। यही कारण है कि पीडब्लू ओनली आईएएस ने इसे एक इंटरैक्टिव सत्र बनाया, जहाँ अभ्यर्थियों ने परीक्षा से जुड़ी अपनी आशंकाओं को टॉपर्स के सामने रखा और टॉपर्स ने अपने अनुभवों के आधार पर छात्रों को उचित समाधान एवं मार्गदर्शन प्रदान किए। दिल्ली में सिविल सेवा उम्मीदवारों को मार्गदर्शन देने के उल्लेखनीय अनुभव के बाद, पीडब्लू ओनली आईएएस अब अपने क्षेत्रीय सेंटर्स पटना और लखनऊ में बहुत ही कम लागत पर यूपीएससी और राज्य पीएससी परीक्षा की तैयारी के लिए गुणवत्तापूर्ण पाठ्यक्रम प्रदान कर रहा है। पिछले 3 वर्षों में पीडब्लू ओनली आईएएस ने अपने विभिन्न गाइडेंस कार्यक्रमों के माध्यम से 900 से अधिक टॉपर्स को मार्गदर्शन प्रदान किए हैं।

सराहना

### लौटी हजारों के आंखों की रौशनी

## गरीब नेत्र रोगियों के लिए वरदान साबित हो रहा है ध्रुव नेत्रालय

▶▶ ध्रुव नेत्रालय के इस कदम की खूब सराहना की जा रही है

▶▶ गरीब नेत्र रोगियों की आंखों की चमक वापस आ रही है



**राष्ट्रीय खबर**

**बगहा:** प्रखंड बगहा एक अन्तर्गत थरुहट की राजधानी के नाम से पहचान बनाने वाले थारु आदिवासी बहुल हरनाटांड में स्थित ध्रुव नेत्रालय के चिकित्सक डॉ. चिंतामणी काजी आज किसी पहचान के मोहताज नहीं है। कारण है उनका गरीब जरूरतमंद नेत्र रोगियों का निशुल्क ऑपरेशन व इलाज। डॉ. चिंतामणि काजी के नेतृत्व में उनकी टीम प्रखंड के सभी गांवों में कैंप लगाकर लगातार नेत्र रोगियों की सेवा कर रही है। दूर-दराज के आदिवासी बहुल क्षेत्रों में पहुंचकर नेत्र रोगियों का निशुल्क सेवा इनकी पहचान बन चुकी है।डॉ. चिंतामणि काजी ने बताया कि ध्रुव नेत्रालय के संचालन के दौरान मुझे इस बात का एहसास हुआ कि अभी भी इस क्षेत्र में बहुत से ऐसे नेत्र रोगी है जो पैसे के अभाव में अपनी आंखों का समुचित इलाज नहीं करा पाते हैं।

स्थानीय होने के कारण मुझे यह महसूस हुआ कि मुझे उनकी मदद करनी चाहिए। मैंने कभी नहीं सोचा था कि इतने वृहद संख्या में लोगों की सेवा कर पाऊंगा किंतु ऊपर वाले के कृपा से गांव गांव में शिविर का आयोजन किया और लगातार नेत्र रोगियों के सेवा में लगा रहा।इस क्रम में पता ही नहीं चला कि मेरी कोशिश से हजारों लोगों की आंखों की रोशनी वापस लौट आई। मालूम हो कि हरनाटांड में स्थित ध्रुव नेत्रालय के संस्थापक सह चिकित्सक डा. चिंतामणि काजी के द्वारा अत्याधुनिक मशीनों के द्वारा प्रत्येक सप्ताह आसपास के गांवों में कहीं ना कहीं निशुल्क शिविर का आयोजन किया जाता है। इस दौरान शिविर में पहुंचने वाले नेत्र रोगियों का फ्री जांच,इलाज, दवा तथा मोतियाबिंद का ऑपरेशन भी किया जाता है। जिस कारण क्षेत्र के गरीब नेत्र रोगियों की आंखों की चमक वापस आ रही है। नेत्र रोगियों, उनके परिजनों सहित क्षेत्र के समाजसेवियों द्वारा ध्रुव नेत्रालय के इस कदम की खूब सराहना की जा रही है।

## न्यूज फटाफट

**गर्म कपड़े व वातानुकूलित वर्ग कक्ष की व्यवस्था करें सरकार : मृत्युंजय**



**पटना** : घने कोहरे और हाड़ हिलाने वाली शीतलहरी में जहाँ आम जन-जीवन ठिठुर सी गई है। वही, दुसरी ओर इस कड़ाके की ठण्ड में भी सरकारी विद्यालयों को खुले रखने और शैक्षणिक गतिविधियां संचालित करने से बच्चों के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। जिसके कारण आये दिन विद्यालय आने वाले बच्चें प्रतिदिन कहीं न कहीं ठंड का शिकार हो रहें हैं। जिससे कोई गम्भीर अप्रिय घटना घटित होने से इन्कार भी नहीं की जा सकती है। मालूम हो कि विभागीय नये आदेशानुसार मौसम प्रतिकूलता या अन्य आपातकालीन परिस्थितियों में भी विभागीय अनुमति प्राप्ति के उपरांत ही जिला प्रशासन द्वारा विद्यालय बन्द का आदेश जारी किया जा सकता हैं। जिससे परिस्थितिजन्य कदम उठाने में प्रशासन के लिए बाधक बन गया है। परिवर्तनकारी शिक्षक महासंघ के प्रदेश मीडिया प्रभारी मृत्युंजय ठाकुर ने बताया कि सर्वविदित है कि सरकारी विद्यालयों में गरीब आमजनों के बच्चे ही पढ़ते हैं। जिसे इस कड़ाके की ठण्ड में भरपूर गर्म कपड़े के आभाव में विद्यालय आना किसी चुनौती से कम नहीं है। ऐसे में सरकार को चाहिए कि सभी लड़के-लड़कियों के लिए मौसम अनुकूल भरपूर गर्म कपड़े व वातानुकूलित वर्गकक्ष बनाएं, ताकि मौसम की प्रतिकूलता का विद्यालय आने वाले बच्चों के स्वास्थ्य पर कुप्रभाव न पड़े। श्री ठाकुर ने विद्यार्थी हितार्थ इस दिशा में बिहार सरकार से त्वरित कदम उठाने की मांग की है।

**जदयू विधायक ने राम मंदिर के खिलाफ की विवादित टिप्पणी तो प्रदेश अध्यक्ष ने टोका**

**पटना** : बिहार में सत्तारूढ़ जनता दल यूनाइटेड के नेताओं को बुधवार को उस समय असहज स्थिति का सामना करना पड़ा जब यहां आयोजित एक रैली को संबोधित करते हुए उसके एक नेता ने अयोध्या में नवनर्मित राम मंदिर के खिलाफ कथित टिप्पणी की। भागलपुर जिले के गोपालपुर विधानसभा क्षेत्र से पार्टी के विधायक गोपाल मंडल ने कथित टिप्पणी पार्टी की ओर से आयोजित अति पिछड़ा सम्मेलन को संबोधित करते हुए की। मंडल पहले भी पत्रकारों से मारपीट और ट्रेन में अधोवस्त्र पहनकर घूमने समेत कई मुद्दों को लेकर चर्चा में रहे हैं। उन्होंने पार्टी अध्यक्ष मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के कार्यक्रम स्थल पर पहुंचने से काफी पहले ही मंच संभाल लिया था। मंडल ने कहा, अयोध्या में राम मंदिर का प्राण प्रतिष्ठा समारोह व्यवस्थित नहीं था। इसे अधूरे ढांचे के अंदर आयोजित किया गया और प्रधानमंत्री अपनी पत्नी के बिना पूजा की वेदी पर बैठे थे। मंडल द्वारा राम मंदिर के खिलाफ विवादित टिप्पणी किये जाने पर उनके ठीक पीछे खड़े जदयू प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा ने उन्हें टोका और कान में कुछ बताने की कोशिश की लेकिन उनपर असर होता नहीं दिखा। कुशवाहा ने अंततरू मंडल को एक पर्ची दी जिसमें संभवतः उन्हें अपना भाषण संक्षिप्त करने को कहा गया। इसके बाद माइक पर ही मंडल ने कहा, ठीक है, मैं इसे रहने देता हूं, लेकिन इतना समझाइए मत, हम समझदार हैं।

**आज गोरखपुर नहीं आएगी बिहार संपर्क क्रांति एक्सप्रेस**

**सार** : सीपीआरओ पंकज कुमार सिंह ने बताया कि संशोधित शॉर्ट टर्मिनेशन के बाद गोरखपुर से 9 से 12 फरवरी तक चलने वाली 15009 गोरखपुर-मैलानी एक्सप्रेस मैलानी के स्थान पर गोमतीनगर में यात्रा समाप्त करेगी। यह गाड़ी गोमतीनगर से मैलानी के बीच निरस्त रहेगी।रेलवे प्रशासन की ओर से लखनऊ मंडल के गोंडा-बुढ़वल रेल खंड के बीच तीसरी लाइन के संबंध में मैजापुर स्टेशन पर 25 जनवरी को पैनल इंटरलॉकिंग की जगह इलेक्ट्रानिक इंटरलॉकिंग किया जाएगा। इसकी वजह से 12565 दरभंगा-नई दिल्ली एक्सप्रेस के मार्ग परिवर्तन में एक संशोधन किया गया है।संशोधित मार्ग परिवर्तन के अनुसार दरभंगा से 24 एवं 25 जनवरी को चलने वाली 12565 दरभंगा-नई दिल्ली एक्सप्रेस निर्धारित मार्ग छपरा-गोरखपुर-बाराबंकी-ऐशबाग-कानपुर सेंट्रल की जगह परिवर्तित मार्ग छपरा-भटनी-औड़िहार-वाराणसी-बनारस-प्रयागराज जंक्शन-कानपुर सेंट्रल के रास्ते चलाई जाएगी। नौ फरवरी से गोमतीनगर तक ही जाएगी गोरखपुर-मैलानी एक्सप्रेसबुढ़वल-सीतापुर सिटी रेल खंड पर स्थित सीतापुर-सीतापुर सिटी स्टेशनों के बीच दोहरीकरण कार्य के परिप्रेक्ष्य में प्री-नान इंटरलॉक और नॉन इंटरलॉक कार्य किए जाने के कारण गाड़ियों के शॉर्ट टर्मिनेशन में संशोधन किया गया है।सीपीआरओ पंकज कुमार सिंह ने बताया कि संशोधित शॉर्ट टर्मिनेशन के बाद गोरखपुर से 9 से 12 फरवरी तक चलने वाली 15009 गोरखपुर-मैलानी एक्सप्रेस मैलानी के स्थान पर गोमतीनगर में यात्रा समाप्त करेगी। यह गाड़ी गोमतीनगर से मैलानी के बीच निरस्त रहेगी।इसी प्रकार वापसी यात्रा में संशोधित शॉर्ट ओरिजिनेशन के अनुसार मैलानी से 10 से 13 फरवरी तक चलने वाली 15010 मैलानी-गोरखपुर एक्सप्रेस मैलानी के स्थान पर गोमतीनगर से चलाई जाएगी। यह गाड़ी मैलानी-गोमतीनगर के बीच निरस्त रहेगी।

**राहुल गांधी की पूर्णिया रैली में नहीं जाएंगे नीतीश कुमार**

**पटना** : मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को लेकर कई तरह की अटकलें चल रही हैं। इस बीच खबर आई है कि वे 30 जनवरी को पूर्णिया में होने वाली राहुल गांधी की रैली में भी शामिल नहीं होंगे। लोकसभा चुनाव से पहले इंडिया गठबंधन में फूट बढ़ रही है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को लेकर बिहार में कई तरह की अटकलें हैं। कांग्रेस नेता राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा के तहत पूर्णिया में 30 जनवरी को होने वाली रैली में सीएम नीतीश शामिल नहीं होंगे। इससे सियासी पारा गर्मा गया है। एक दिन पहले नीतीश ने कपूर्री जयंती रैली में परिवारवाद पर भी निशाना साधा था। पिछले कुछ दिनों से उनकी आरजेडी और कांग्रेस से सीट शेयरिंग एवं अन्य मुद्दों को लेकर नाराजगी की चर्चा भी तेज है। जानकारी के मुताबिक कांग्रेस नेता शकील अहमद खान ने बुधवार शाम मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को राहुल गांधी की सभा में शामिल होने का निमंत्रण दिया था। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार नीतीश के राहुल की सभा में शामिल होने की गुंजाइश बहुत कम है। कांग्रेस नेता विनोद शर्मा ने कहा है कि सीएम का 30 तारीख को पहले से कार्यक्रम तय है। इसलिए उनका उस दिन उनका राहुल गांधी की पूर्णिया रैली में जाना संभव नहीं हो पा रहा है। दूसरी ओर, जेडीयू के वरिष्ठ नेता एवं वित्त मंत्री विजय चौधरी ने कहा कि उन्हें नीतीश कुमार के राहुल गांधी की सभा में जाने के कार्यक्रम की अभी तक कोई जानकारी नहीं है। उन्होंने कहा कि भारत जोड़ो न्याय यात्रा कांग्रेस पार्टी का कार्यक्रम है। जेडीयू ने पटना में रैली की तो हमारी पार्टी के ही लोग शामिल हुए थे। अब राहुल गांधी ऐप पर पढ़ें रहे हैं तो उनकी पार्टी के नेता ही शामिल होंगे। पार्टी के कार्यक्रमा म गठबंधन के सभी दल चले जाएं, यह संभव नहीं होता है।

### फरार अभियुक्त के घर पुलिस ने चस्पाया इस्तेहार



**मझौलिया :** स्थानीय पुलिस ने अजजा एवं पोक्सो एक्ट के फरार अभियुक्त के घर पर चस्पाया इस्तेहार।जानकारी पुअनि मुकेश कुमार ने दी। उन्होंने बताया कि करमवा वार्ड नं 10 निवासी सुखी साह का पुत्र मंटु साह जो अजजा एवं पॉक्सो एक्ट के आरोपी है। जो कई महीनों से फरार चल रहा है। जिसे न्यायालय द्वारा निर्गत आदेश के आलोक में आरोपी के घर इस्तेहार चिपकाया गया है। उन्होंने बताया कि अगर पांच दिनों के अन्दर आरोपी न्यायालय में आत्मसमर्पण नही करता है तो इनके घर की कुर्की-जब्ती कर ली जाएगी।

# सुपारी देकर पूर्व सैनिक की हत्या कराने वाला अर्धसैनिक गिरफ्तार

## अर्धसैनिक राजू रंजन हत्या कराने लिए लंबे समय से रचा था साजिश

### रोहतास एसपी ने प्रेसवार्ता कर कांड का किया उद्भेदन

राष्ट्रीय खबर

**बिक्रमगंज (रोहतास):** सूर्यपुरा थाना क्षेत्र के कल्याणी स्थित निमार्णाधीन मकान पर अपराधियों द्वारा 15 नवंबर 2023 को पूर्व सैनिक विजेंद्र सिंह की हत्या गोली मारकर कर दी गई थी। हत्या की सुपारी देने वाला केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल झारखंड 214 बटालियन के आरक्षी राजीव रंजन सिंह उर्फ राजू रंजन कुमार को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। जो मृतक विजेंद्र सिंह का रिश्ते में भतीजा है। रोहतास पुलिस कप्तान विनीत कुमार ने बुधवार को बिक्रमगंज थाने में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर घटना का विस्तारित उद्वेदन किया। उन्होंने बताया कि राजू रंजन के भाई नीतीश कुमार की



हत्या उनके अपने गांव सूर्यपुरा थाना क्षेत्र के नीमा में विगत 23 जनवरी 2020 को हुई थी। तब से उसके अंदर प्रतिशोध की भावना चल रही थी और वह हत्या का आरोपी पूर्व सैनिक विजेंद्र को समझ बैठा था। इसके बाद से उनकी हत्या करने की फिराक में लग गया। इस दौरान पेशेवर अपराधियों से संपर्क कर हत्या के लिए 5 लाख रुपए का सुपारी तय किया। विजेंद्र की हत्या कर भागने के क्रम में भीड़ द्वारा मारे गए अपराधी भोजपुर जिला के जगदीशपुर थाना अंतर्गत कोढ़वा टोला निवासी प्रमोद कुमार का पुत्र आदित्य कुमार के अकाउंट में राजू रंजन द्वारा अग्रिम 1लाख रुपए अपने अकाउंट से दिया गया था। इसके साथ ही हथियार खरीदने के लिए 1 लाख रुपए नगद भी इसने अपराधी को दिया था। आगे एसपी ने बताया कि विगत 9 नवंबर 2023 को ही अपराधियों द्वारा विजेंद्र की हत्या का प्रयास किया गया था परंतु उन्हें सफलता नहीं मिली। अंततः 15 नवंबर 2023 को विजेंद्र की हत्या करने में अपराधी सफल रहे। इस प्रकरण में राजू रंजन सहित 6 लोगों की गिरफ्तारी हो चुकी है जबकि दो अपराध कमी घटना के दिन भीड़ द्वारा मार दिए गए। एसडीपीओ कुमार संजय के नेतृत्व में अनुसंधान कर रहे पुलिस अधिकारी देवराज राय, राकेश कुमार, सुशांत मंडल, प्रिया कुमारी एवं विजेंद्र कुमार ने दो देशी पिस्टल, एक जिंदा कारतूस, सात खोखा, तीन मोबाइल एवं एक अपाची बाइक बरामद किया है।

### विश्वकर्मा हुंकार रैली में लाखों की संख्या में शामिल हों विश्वकमार्वंशी : मुकुल आनंद



राष्ट्रीय खबर


**जहानाबाद :** भारतीय विश्वकर्मा महासंघ की एक दिवसीय बैठक गुरुवार को एक निजी सभागार में संपन्न हुआ। बैठक की अध्यक्षता डॉ. अजय कुमार पंडित एवं संचालन भिखारी शर्मा ने की। बैठक में बतौर मुख्य अतिथि भारतीय विश्वकर्मा महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष मुकुल आनंद ने बैठक को संबोधित करते हुए विश्वकमार्वंशियों ( सोनार, लोहार, कुम्हार, कसेरा - ठठेरा, बढ़ई ) को अपने वंश के गौरव को स्थापित करने हेतु एवं राजसत्ता में भागीदारी सुनिश्चित करने हेतु आगामी 12 फरवरी को पटना के मिलर हाई स्कूल मैदान में संयुक्त विश्वकमार्वंश की हुंकार रैली में सम्मलित होने का आह्वाहन किया। उन्होंने कहा कि यह हुंकार रैली विश्वकमार्वंश को राजनैतिक, सामाजिक और आर्थिक रूप से आगे बढ़ाने के लिए मील का पत्थर साबित होगा। बैठक को स्वर्णकार समाज के प्रदेश महासचिव शिवकुमार, भारतीय विश्वकर्मा महासंघ के प्रदेश उपाध्यक्ष मंटू शर्मा, प्रदेश संयुक्त सचिव, विद्याभूषण शर्मा, चन्दन शर्मा, सत्येंद्र शर्मा, शंकर विश्वकर्मा, संजय शर्मा, रणधीर कुमार वर्मा, अमृत वर्मा, उमेश कसेरा, लाला विश्वकर्मा, चंचल कुमार पंडित, लक्ष्मीपतिनाथ आदि ने संबोधित किया। बैठक में सैकड़ों की संख्या में विश्वकर्मा समाज के लोगों की उपस्थिति रही।

## उदित नारायण, कुमार सानू और अलका याग्निक के साथ पटना में 28 को सजेगी महफिल

### बापू सभागार में होगा फिलमची म्यूजिक अवार्ड्स 2024 का आयोजन

राष्ट्रीय खबर

**पटना :** उदित नारायण, कुमार सानू, अलका याग्निक, मनोज तिवारी, रवि किशन, दिनेश लाल यादव निरहुआ, पवन सिंह, खेसारीलाल यादव, रितेश पांडेय के साथ पहली बार राजधानी में भोजपुरी संगीत की महफिल सजने वाली है। इस सुरमई महफिल फिलमची म्यूजिक अवाड्र्स 2024 में साज के साथ सम्मान भी मिलेगा। इसका आयोजन गाँधी मैदान स्थित बापू सभागार में होगा, जहाँ भोजपुरी म्यूजिक इंडस्ट्री के लोगों के साथ भोजपुरी जगत की एक यादगार महफिल सजेगी। आईएन10 मीडिया नेटवर्क के प्रबंध निदेशक, आदित्य पिट्टी ने कहा कि फिलमची भोजपुरी की बौद्धिक संपदा, फिलमची म्यूजिक अवाड्र्स, क्षेत्रीय उद्योग के विकास के प्रति हमारी




प्रतिबद्धता को मजबूत करता है। इस शैली में हमारे निरंतर निवेश के साथ, हमारा लक्ष्य एक लॉयल ऑडियंस बेस बनाना और खुद को इस श्रेणी में अग्रणी के रूप में स्थापित करना है। फिलमची म्यूज़िक अवार्ड्स लोक, पार्श्व गायकों और समकालीन मशहूर हस्तियों के अपने अनूठे मिश्रण के साथ दर्शकों को मंत्रमुग्ध करने के लिए तैयार है, जो पटना के लोगों के लिए एक यादगार अनुभव प्रदान करेगा। कार्यक्रम में प्रसिद्ध अभिनेता अली असगर, संकेत भोसले और मोनालिसा (अंतरा बिस्वास) के साथ मनोज तिवारी, रवि किशन, पवन सिंह, दिनेश लाल यादव 'निरहुआ', खेसारी लाल यादव, आम्रपाली दुबे, रितेश पाण्डेय, अरविंद अकेला कल्लू, प्रवेश लाल यादव और भी कई बड़े सितारे शामिल होंगे।

### बहुजन समाज पार्टी बिहार के सभी 40 सीटों पर लड़ेगी चुनाव : रामजी गौतम

## जननायक कपूर्री ठाकुर के बाद बहुजन नेता कांशीराम को भी मिले भारतरत्न : अनिल कुमार

राष्ट्रीय खबर

**पटना :** जननायक कपूर्री ठाकुर को भारतरत्न दिए जाने का स्वागत करते हुए बहुजन समाज पार्टी ने सरकार के इस फैसले का स्वागत किया है। कहा है कि बहन मायावती ने उनके लिए इस सम्मान की मांग बहुत पहले ही कर दी थी। पार्टी के सांसद रामजी गौतम ने कहा कि कपूर्री ठाकुर ने ताउम्र गरीब, शोषित और वंचितों के लिए कार्य किया। उन्हें यह सम्मान पहले ही मिल जाना चाहिए था। उन्होंने कहा कि बिहार में उनके नाम पर जो लोग राजनीति कर रहे हैं, वे उनकी सोच और विचारों से विमुख हो गये हैं और लगातार शोषित और वंचित वर्ग की अपेक्षा कर रहे हैं। ऐसे में बहन मायावती ने निर्णय लिया है कि पार्टी बिहार के सभी 40 सीटों पर चुनाव



लड़ेगी। इसके लिए उन्होंने बिहार प्रभारी अनिल कुमार के साथ हमें तैयारी की जिम्मेदारी सौंपी है।

ऊक्त बातें बासपा सांसद रामजी गौतम ने कपूर्री ठाकुर को श्रद्धांजलि देते हुए प्रदेश कार्यालय में कही। इस अवसर पर पार्टी के प्रदेश प्रभारी अनिल कुमार ने कहा कि भारत रत्न देने का स्वागत करते हैं, साथ ही हम भारत सरकार से मांग करते हैं कि वे बहुजन नेता मान्यवर कांशीराम को भी भारत रत्न से सम्मानित करें। बीजेपी ने हमेशा गरीबों पर जुर्म ढाए हैं. इससे उनका पाप नहीं धुलने वाला है। उन्होंने कहा कि बिहार में शोषित, वंचित, दलित, आदिवासी और अल्पसंख्यक समुदाय के लोगों की हत्या की जा रही है।

## बीडीओ ने मतदाता दिवस पर कर्मियों को दिलाई शपथ



राष्ट्रीय खबर

**संझौली (रोहतास):** प्रखंड के सभी बुथों पर बीएलओ द्वारा मतदाताओं के बीच राष्ट्रीय मतदाता दिवस मनाया गया। गुरुवार को प्रखंड मुख्यायल में निवार्ची पदाधिकारी सह बीडीओ मोहम्मद सयैद सरफराजुद्दीन अहमद ने सभी कर्मियों को शपथ दिलाई तथा लोकतंत्र की महता को बताया। निवार्ची पदाधिकारी सह बीडीओ ने कहा कि मतदान करना हमारा सभी का मौलिक अधिकार है। युवाओं और भावी मतदाताओं का सशक्तिकरण अहम है। इसमें कोई मतदाता अपने मत के प्रयोग से अछूता नहीं रहना चाहिए। लोकतंत्र सर्वश्रेष्ठ है। हमें मतदान करके अपनी जिम्मेवारी को बखूबी निभाना चाहिए। हमें मतदान करते समय जाति, धर्म, लोभ-लालच से प्रभावित हुए बगैर अपने मत का प्रयोग करना चाहिए। इस अवसर पर बीड़ीओ ने सभी को मतदाता शपथ दिलाई। हम, भारत के नागरिक, लोकतंत्र में अपनी पूर्ण आस्था रखते हुए, यह शपथ लेते हैं कि हम अपने देश की लोकतांत्रिक परंपराओं की मयार्दा को बनाए रखेंगे तथा स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अक्षुण्ण रखते हुए, निर्भीक होकर, धर्म, जाति, समुदाय अथवा अन्य किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना सभी निर्वाचनों में अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे।

## कोटि वन में शामिल करने को लेकर छात्र-छात्राएं कर रही हैं हड़ताल

### नूरसराय उद्यान महाविद्यालय का कार्य प्रभावित



राष्ट्रीय खबर

**बिहारशरीफ :** नालन्दा उद्यान महाविद्यालय, नूरसराय के स्नातक छात्रों के द्वारा इस कड़ाके की ठंड में महाविद्यालय में ताला जड़कर हड़ताल जारी है जिससे महाविद्यालय का कार्य प्रभावित है। स्नातक छात्र कोटि वन में शामिल करने की मांग कर रहे हैं। छात्र दीपक कुमार, रानी कुमारी, दीप शिखा, प्रफुल्ल कुमार व सुमन कुमार आदि ने बताया कि जबतक यह मांग पूरी नही होगी, तबतक धरना प्रदर्शन जारी रहेगा। छात्रों का कहना है कि बीपीएससी द्वारा बिहार कृषि अधीनस्थ सेवा कोटि वन की बहाली में उद्यान स्नातक को शामिल नही किया है। बहाली के फॉर्म भरने की अंतिम तिथि 28 जनवरी है। ऐसे में हमलोग लोग फॉर्म भरने से वंचित रह जायेंगे। इस संबंध में जब उद्यान महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. पंचम कुमार से उनके मोबाइल पर संपर्क साधा गया। लेकिन संपर्क नहीं हो सका।

## भारतीय संविधान की गौरव गरिमा को बनाए रखने में प्रत्येक नागरिक भागीदार बने : राखी भदानी

राष्ट्रीय खबर

**गया :** रोटरी क्लब ऑफ गया की अध्यक्ष सह समाजसेवी महिला राखी भदानी ने जिलेवासियों और शुभचिंतकों को 75 वें गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं देते हुये कहा कि गणतंत्र दिवस के दिन सभी नागरिकों के दिलों में गर्व और उत्साह होता है। यह एक महत्वपूर्ण राष्ट्रीय उत्सव है जो भारतीय संविधान की स्थापना को याद करता है , हम सभी वासी भारत के महान नेताओं और उनके संविधान निमार्ताओं की कृतज्ञता करते हैं, जिन्होंने हमें स्वतंत्रता और न्याय की मौजूदगी से समृद्धि प्रदान की। इस दिन हम भारतीय दृष्टिकोण और संविधान



की महत्वपूर्णता को महसूस करते हैं। गणतंत्र दिवस हमें यह बताता है कि सर्वोच्च शक्ति हम लोगों के हाथों में है और हमें इसे सही दिशा में प्रयोग करना चाहिए। राष्ट्रीय एकता बनाए रखने, विविधता का सम्मान करने और लोकतांत्रिक सिद्धांतों को बनाए रखने के मूल्य पर जोर देते हैं। भारतीय संविधान की गौरव-गरिमा को बनाए रखने में प्रत्येक नागरिक भागीदार बने। हमें अपने कर्तव्यों के साथ राष्ट्र के कल्याण के लिए कार्य करना होगा।भारत के संविधान निमार्ता बाबासाहेब डॉ भीमराव अंबेडकर,राजेंद्र प्रसाद सच्चिदानंद सिन्हा आदि महापुरुषों के अथक प्रयास से ही संविधान का निर्माण हुआ है आज उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि अर्पित करती हूं।इस गणतंत्र दिवस पर तिरंगा आपके लिए सुख, शांति और समृद्धि लाए। मुझे आशा है कि आप सभी का दिन गर्व से भरे क्षणों और गहन देशभक्ति से भरा होगा।

## कपूर्री ठाकुर का सम्मान इस देश के करोड़ों गरीबों, वंचितों का सम्मान है

राष्ट्रीय खबर

**पटना :** जननायक कपूर्री ठाकुर की 100वीं जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित समारोह को संबोधित करते हुए केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने स्पष्ट किया कि कपूर्री ठाकुर की ही तरह गरीब के घर में पले-बढ़े प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने उन्हें भारत रत्न देने का निर्णय लिया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व और केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह के कुशल मार्गदर्शन में कपूर्री ठाकुर को भारत रत्न देने का फैसला अभूतपूर्व और सराहनीय है। पहले सिर्फ परिवार के करीबी नेताओं का ही सम्मान होता था, मोदी जी




ने जननायकों को सम्मानित करने का काम किया है। कपूर्री ठाकुर को भारत रत्न देकर मोदी ने संविधान के मूल मंत्र ह्यसबको न्याय, सबको समान अधिकारह्न को सम्मानित करने का काम किया है। आजादी के बाद ढ़ेर सारे लोग सत्ता में आए लेकिन किसी ने भी कपूर्री ठाकुर को भारत रत्न देना उचित नहीं समझा। कपूर्री ठाकुर एक महान समाजवादी नेता थे जिन्होंने गरीबों और दलितों के उत्थान के लिए काम किया। आज मोदी सरकार कपूर्री ठाकुर के सपनों को पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध है।

## तिलौथू के लाल को मिला बीएचयू से सारस्वत सम्मना

राष्ट्रीय खबर

**तिलौथू (रोहतास):** शिक्षा और सामाजिक कार्य में अपने अहम भूमिका निभाने वाले तिलौथू निवासी शैल ओझा (शैलेंद्र ओझा) महेंद्र ओझा उर्फ छोटी ओझा के छोटे भाई अमरेंद्र ओझा, जो चिराचास बोकारो में पदस्थापित है, अखिल भारतीय सारस्वत परिषद बीएचयू बनारस के द्वारा सारस्वत सम्मान 2023-24 के लिए सम्मानित किया गया। यह संस्था भारत भूमि में समुत्पन्न, दिव्य मनीषा, धर्म संस्कृति, ज्ञान विज्ञान, त्याग, सेवा, समर्पण आदि श्रेष्ठ परंपराओं के संवाहक राष्ट्र के सपूतों को प्रतिवर्ष सम्मानित करती है। परिषद एक ऐसी दिव्य स्वस्थ परंपरा और वातावरण निर्मित करना चाहती है, जिसमें जनमानस में परहित समाज और राष्ट्र के लिए सर्वस्व त्याग के उद्धत और श्रेष्ठ भाव पल्लवित पुष्पित हो, भारत के धार्मिक, आध्यात्मिक, साहित्यिक गतिविधियों में विगत एक दशक से अपनी अमिट छाप बनाने वाली यह संस्था देश के साहित्यिक, सांस्कृतिक, शैक्षिक, सामाजिक और राजनीतिक क्षेत्र के गण्यमान विभूतियों की प्रतिभा को प्रतिवर्ष पुरस्कार एवं सम्मानित कर उन्हें प्रोत्साहित करती है। अमरेंद्र ओझा को सम्मानित होने से तिलौथू वासियों में काफी हर्ष का माहौल है। सुनील कुमार गुप्ता, बलराम यादव, आनंद द्विवेदी, संजय चौधरी, अमित गुप्ता, रामचंद्र साव, जंगलेश कुमार चौरसिया, धनंजय शर्मा, विष्णु कुमार, सुशील कुमार, शशिभूषण प्रसाद ने पुरस्कृत होने पर बधाई दी।

## जगदीशपुर में श्री राधा कृष्ण मंदिर के विकास को लेकर नई कार्यकारिणी का किया

### अध्यक्ष बने तारकेश्वर चौधरी और सचिन मिलिंद चौधरी

### पदाधिकारियों का सूची भेजा जाएगा धार्मिक न्यास बोर्ड पटना को

राष्ट्रीय खबर

**जगदीशपुर/भोजपुर, :** जगदीशपुर नगर पंचायत के वार्ड संख्या- ग्यारह स्थित श्री राधा कृष्ण जी का मंदिर प्रांगण में मंदिर के विकास को लेकर एक बैठक का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता अंचलाधिकारी अजय कुमार ने किया। बैठक में मंदिर के विकास कार्य को गति देने के मसले पर विस्तार से चर्चा की गई। साथ ही मंदिर के नाम पर कितना जमीन, मंदिर में कितने समय पूजा और साल में कितने कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है,इसकी पूरा जानकारी सीओ द्वारा लिया गया। इसके बाद



पूर्व में गठित कार्यकारिणी को भंग कर नए कार्यकारिणी का गठन किया गया। इसमें तारकेश्वर चौधरी को अध्यक्ष, ओम प्रकाश सिंह उर्फ बबुआ को उपाध्यक्ष, मिलिंद चौधरी को सचिव, विशाल कुमार सिंह को उपसचिव, मुन्ना सिंह को कोषाध्यक्ष, प्रेम बल्लभ मिश्रा को संयोजक और प्रदीप चौधरी, चितरंजन चौधरी उर्फ मुन्ना चौधरी को सदस्य के रूप में सर्वसम्मति से चुना गया। मंदिर के सभी नए पदाधिकारियों का सूची मंदिर से जुड़े जमीन सहित अन्य जानकारी धार्मिक न्यास, बोर्ड पटना को भेजा जाएगा। मिलिंद चौधरी ने बताया कि धार्मिक न्यास, बोर्ड पटना के निर्देश पर बैठक किया गया। उन्होंने बताया कि सन 1325 में मंदिर का स्थापना हुआ था। हर वर्ष कृष्ण जन्माष्टमी पर विशेष पूजा के बाद भंडारा का आयोजन किया जाता है।इस मौके पर रविंद्र चौधरी, मुन्ना चौधरी, रंगलाल चौधरी, सत्येंद्र सिंह, अरुण सिंह, कामता सिंह मुकेश सिंह उर्फ बुढा सिंह, मंटू सिंह सहित कई लोग मौजूद थे।

### राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर दिलाया गया शपथ



राष्ट्रीय खबर

**बिक्रमगंज (रोहतास):** गुरुवार को प्रखंड कार्यालय काराकाट में 14 वां राष्ट्रीय मतदाता दिवस मनाया गया एवं मतदाताओं को शपथ दिलाई गई । हम भारत के नागरिक, लोकतंत्र में अपनी पूर्ण आस्था रखते हुए यह शपथ लेते हैं कि हम अपने देश की लोकतांत्रिक परम्पराओं की मयार्दा को बनाए रखेंगे तथा स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरीमा को अक्षुण्ण रखते हुए, निर्भीक होकर,धर्म,वर्ग, जाति, समुदाय, भाषा अथवा अन्य किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना सभी निर्वाचनो में अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे ।कोई भी बहकावे में ना आई,सोच समझ के इवीएम के बटन दबाई । मतदाता दिवस में शामिल प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी काराकाट, प्रखंड समन्वयक काराकाट, शिक्षक आनिल कुमार पासवान, संजय सिंह, अजमल,नाजिर जयप्रकाश सिंह, पंचायत सचिव सौरभ कुमार,,शैलेंद्र सिंह,नितु ,पुनम ,विकास सिंह,मनोज कुमार(कचहरी सचिव) एवं प्रखंड के सभी विभाग के कर्मी लोग उपस्थित थे ।

# किसी जमाने मे दस्यु सरगना के नाम से था कुख्यात, हृदय परिवर्तन के बाद खिच रहा वो समाजसेवा की लकीरें

## बेघरों के लिए घर का लिया संकल्प और बसा दिया दियारा में गांव

राष्ट्रीय खबर

**चौतरवा सं (विवेक पाण्डेय) :** बगहा पुलिस जिला मे एक ऐसा पंचायत जहा के मुखिया ने पचास घर का एक गांव बसाया है, यह गांव दियरा इलाके के मानपुर गांव है, जो बथुअरीया थाना से करीब चार किलोमीटर दूर स्थित गांव है,भितहा प्रखंड के मानपुर पंचायत के मुखिया सरस्वती देवी पति हरनाम यादव ने एक गांव बसाने का संकल्प लिया था,जिसे पुरा भी कर दिया गया है, बताते चले कि गंडक दियरा वर्तीय पंचायत मे कुल पचास घर बनाया जा रहा है,जिसको लेकर ग्रामीणो मे खुशी कि लहर देखने को मिली, मुखिया पति हरनाम यादव ने बताया कि निस्सहाय , कमजोर लोगो को गैर मजरूआ भूमि देकर घर बनवाया गया है, प्रत्येक लोगो को दस दस धूर जमीन दिया गया है,उन्होंने बताया कि



अन्य जगहो के अपेक्षा दियरा क्षेत्र करीब बीस वर्ष पिछे है,इस क्षेत्र मे जन प्रतिनिधि केवल वोट लेने के लिए आते है तथा तरह-तरह का आश्वासन भी मिलता है,लेकिन चुनाव जितने के बाद दुबारा दर्शन दुर्लभ हो जाता है, जिससे इस क्षेत्र का विकास नही हो पाया है, उल्लेखनीय है कि गंडक दियरा मे पक्की सड़क तथा रोहुआ नाला मे पुल बन जाए तो करीब एक दर्जन गांव का जुड़ाव हो जायेगा,तथा मुख्य मार्ग पर आने जाने मे काफी परेशानीयो का सामना करना पड़ता है, उन्होंने बताया कि पक्की सड़क तथा पुल निर्माण कराने के लिए सांसद, विधायक से गुहार लगाई गई है,लेकिन अभी तक नही बन पाया है।

**हरनाम यादव के नाम से थरार्ते थे** लोग एक जमाने मे मिनी चंबल के नाम से मशहूर गंडक दियरा वर्तीय इलाका जहा दस्यु सर्गना का आतंक हुआ करता था, जहा हरनाम यादव के नाम का दहशत हुआ करता था, वहा आज रामराज कायम है,जहा लोग दिन मे भी जाने से डरते थे, हालांकि गंडक दियरा मे बसने वाले लोग पूर्व मे विभिन्न जगहो पर पलायन कर अपना आशियाना बना लिए है,यह कहानी भितहा प्रखंड के मानपुर पंचायत कि है,बताते चले कि हरनाम 2014 मे जेल गये,तथा 2019 मे जेल से बाहर निकलने के बाद मुख्य धारा मे जुड़कर लोगो कि सेवा करने लगे तथा पंचायत चुनाव जीतकर मुखिया बनकर जनता कि सेवा कर रहे है।

**बोले ग्रामीण** मानपुर पंचायत के ग्रामीण महेश राम,ललन राम,सुरेंद्र भेडिहार, गुल्ली यादव, लड्डू शेख,जालिम मिया,इन्याज मिया,भुखल राम,सुखल राम ने बताया कि पंचायत के मुखिया के सहयोग से कुल पचास लोगो को दस दस धूर जमीन देकर घर बनाया जा रहा है,सभी लोग अपना अपना झोपड़ी बना रहे है,जिससे लोगो मे काफी खुशी कि लहर है। ग्रामीणो ने बताया कि करीब दो दशक पहले इस क्षेत्र मे नामजद दस्यु सर्गनाओ का खौफ हुआ करता था,फिलहाल इस क्षेत्र के अमन-चैन से अपनी जीवन बसर कर रहे है।

**बोले राज्य सभा सांसद** मानपुर पंचायत के विकास के लिए राज्य सभा सांसद सतीश चंद्र दुबे ने बताया कि गंडक के गोद मे बसे मानपुर गांव को मुख्य सड़क से जोड़ने तथा पक्की सड़क बनाने के लिए आवाज उठाई जायेगी। इस क्षेत्र मे यथा संभव विकास कार्य के लिए तैयारी चल रही है। उन्होंने बताया कि मानपुर पंचायत के मुखिया अपनी समस्या बताये है तथा पत्राचार भी किया गया है। उसपर यथा शीघ्र विभाग का ध्यान आकृष्ट कराया जायेगा। इस संबंध मे वाल्मीकिनगर विधायक धीरेंद्र प्रताप सिंह उर्फ रिंकू सिंह ने बताया कि मानपुर पंचायत मे पक्की सड़क निर्माण तथा रोहुआ नाला पुल बनवाने के लिए पुनः प्रयास कि जा रही है। इस से संबंधित विभाग को पत्राचार किया जायेगा,ताकि वहा के लोगो को आवागमन कि समस्या से निजात मिल सके।

## नव मतदाता कार्यक्रम में पहुंचे विधायक ने किया मतदान के प्रति जागरुक



राष्ट्रीय खबर

**बगहा :** भाजपा युवा मोर्चा द्वारा नमो नव मतदाता कार्यक्रम का आयोजन मदरहनी प्राथमिक विद्यालय के मैदान में किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों के बीच मतदान के प्रति जागरूकता फैलाई गई। मौके पर मौजूद बगहा विधायक राम सिंह ने कहा कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश को आत्मनिर्भर और विकसित बनाने के लिए देश के युवाओं के भूमिका को महत्वपूर्ण बातये हैं। उन्होंने कहा कि देश के नव मतदाता और युवा देश को नई दिशा और दशा को तय करने में महत्वपूर्ण योगदान देंगे। कार्यक्रम में बगहा विधायक राम सिंह, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सूरज सिंह, दिनेश सिंह , भाजपा जिला के जिला उपाध्यक्ष, अजया राय, यूवा मोर्चा जिलाध्यक्ष सुजीत सिंह, क्षेत्रीय प्रभारी प्रवीण श्रीवास्तव, दीपक सिंह,उपाध्यक्ष सुबोध कुमार, सिद्धार्थ सिंह, सुशील सिंह, सिकंदर यादव, सुरेन्द्र राम, मोती निषाद, साधू उरांव, अजया शर्मा राय, माधो उरांव, हुंता उरांव सहित आदिवासी समाज के अनेक ग्रामीण जनता उपस्थित रही।

# प्रमुख विजया व विजय सिंह चंदेल की 17 वी शादी की सालगिरह मनी

राष्ट्रीय खबर

**मधुबनी :** बगहा अनुमंडल के मधुबनी प्रखंड प्रमुख सह जिला भाजपा महिला मोर्चा अध्यक्ष व भाजपा नेता विजय सिंह चंदेल की 17 वी सालगिरह 23 जनवरी को बड़ी धूमधाम से मनाई गई।वही जिले तमाम समाजसेवियों ने एनिवर्सरी की हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं दीं। इस दौरान समाजसेवी संतोष मिश्रा ने गुलदस्ता देकर समान्नित के साथ बधाई दिया। वही वाल्मीकिनगर के धरती पर 2007 में 23 जनवरी को परिणय सूत्र में बंधे थे। इस दौरान प्रमुख विजया सिंह व विजय सिंह चंदेल ने इस मौके पर संयुक रूप से कहा कि शादी की सालगिरह पर



बधाई देने वाले अभिभावक व श्रद्धेय व्यक्तित्व को हम दोनों के तरफ से उन्हें शुभकामना है। साथ ही उन्होंने कहा कि प्राचीन काल से ही हिंदू रीतिरिवाजों का एक अभिन्न अंग है। जो आज के परिवेश में इसका प्रचलन बढ़ गया है। वही वाल्मीकिनगर के समान्नित समाजिक कार्यकर्ता सहित विभिन्न समुदाय के लोगों को मेरे तरफ से धन्यवाद है। गंडक पार के चारों प्रखंडों के समान्नित जनता के लिये मेरे तरफ से जो भी मदद होगा हर सम्भव प्रयास किया जायेगा।

## पैगंबर के दामाद मौलाअली की याद में निकला गया जुलूस

# 1468वीं जयंती पर शहर में महफिलें और दरगाहों में हुई दुआख्वानी

राष्ट्रीय खबर

**जगदीशपुर :** नगर पंचायत स्थित कर्बला में पैगंबर मोहम्मद के दामाद, हजरत अली की 1468वीं जयंती मनाई गई। पूरे जगदीशपुर में शहर में अकीदत के साथ एक हजार से ज्यादा लोग जुलूस के साथ में निकले थे लोग। दरगाह में मौला अली का रोजा सजाया गया था, जिस पर मुस्लिम दुआख्वानी कर रहे थे।जगदीशपुर बड़ी मस्जिद के हाफिज व प्रवक्ता रिजवान अहमद ने बताया, मौला अली की जयंती का जश्न लगातार 5 दिनों तक जारी रहेगा। हर जगह महफिलें सजती रहेंगी। मौला



अली के पिता का नाम अबू तालिब था और मां का नाम फातिमा बिनते असद था। वे बीबी फातिमा के शौहर थे और हसन और हुसैन जैसे बेटों के बाप थे।सेमिनार में पहुंचे सभी धर्मों के प्रतिनिधि, एकलाबी मजलिस कमिटी के द्वारा जगदीशपुर नगर पंचायत अध्यक्ष सन्तोष कुमार यादव को पगड़ी देकर सम्मानित किया गया। मौके पर वार्ड पार्षद अनारूला हक, वार्ड पार्षद रंजीत राज,रुस्तम अली , फारूक अंसारी, नौसद आलम, सुनील पांडा, रमेश नट, मुकेश सिंह, एवं फैज, समेत अन्य उपस्थित थे।

## स्कूल के बच्चों द्वारा बनाए गए रंगोली को एसडीएम ने सराहा



राष्ट्रीय खबर

**बगहा, प.च. :** प्रखंड बगहा 2 परिसर में गणतंत्र दिवस के एक दिन पूर्व स्कूली छात्राएं तथा बाल विकास परियोजना की सेविकाओं के द्वारा मेंहदी व रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। बाल विकास परियोजना बगहा दो पदाधिकारी सावित्री दास के दिशा निर्देश में आयोजित प्रतियोगिता का निरीक्षण एसडीएम डॉ अनूपमा सिंह के द्वारा किया गया। एटीएम के द्वारा बच्चों को प्रोत्साहित किया गया तथा उनकी रंगोली की थीम पर चर्चा की गई। इस दौरान रंगोली के माध्यम से लिंग समानता मतदान के प्रति जागरूकता, सहित कई अन्य सामाजिक संदेश दिया गया।इस दौरान एसडीएम ने छात्राओं व महिलाओं से बातचीत पर उन्हे प्रोत्साहित किया व उनके साथ फोटो खिंचवाई। एसडीएम से मिले स्नेह ने छात्राओं को गदगद कर दिया। उनमें खुशी की माहौल देखी गई।

## डंडखोरा मजार में सालाना उर्स के मौके पर की गई चादरपोशी



### हजरत बाला शाह के मजार पर दो दिवसीय उर्स में उमड़ी लोगों की भीड़

राष्ट्रीय खबर

**कटिहार :** जिला अन्तर्गत डंडखोरा स्थित हजरत बाला शाह के मजार पर उर्स का शुभारंभ गुरुवार से हो गया। मजार पर चादरपोशी के लिए लोगों की भारी भीड़ उमड़ी मजार व उसके आसपास के इलाके को आकर्षक ढंग से सजाया गया है। गुरुवार को सुबह से ही कलमा खानी व कुर आन खानी की गई तथा दोपहर के बाद कमेटी द्वारा चादरपोशी की रस्म अदा की गयी। चादरपोशी में बड़ी संख्या में अकीदतमंदों की भीड़ जुटी शाम के वक्त जलसा का आयोजन किया गया। उर्स में देश के विभिन्न भागों से आए ओलेमा और शायरी ने शिरकत किया शुक्रवार को कव्वाली का आयोजन किया जाएगा। लोगों ने कहा कि कमेटी द्वारा उर्स मेला में बेहतर व्यवस्था की गई है।

# प्रधान शिक्षक की चुक बनी छात्रों की मुसीबत, 35 छात्र-छात्रायें हूए बोर्ड परीक्षा से वंचित

### अनुमंडल पदाधिकारी से की सख्त कार्रवाई करने की मांग

राष्ट्रीय खबर

**बगहा/पिपरासी :** प्रखंड के नैनहा उत्क्रमित उच्च विद्यालय के 35 छात्र परीक्षा देने से वंचित हो गए हैं। इसके विरोध में छात्रों द्वारा अनुमंडल पदाधिकारी बगहा को आवेदन देकर प्रधान शिक्षक पर कड़ी कार्रवाई करने की मांग की गई है। अनुमंडल पदाधिकारी को दिए आवेदन में छात्र चांदनी कुमारी, सौम्या कुमारी, मनीषा कुमारी, खुशबू कुमारी, अंजनी कुमारी, दीपक कुमार, रिशु कुमार, दिलीप कुमार, गोलू कुमार, संतोष कुमार, राजा कुमार सहित 35 बच्चों ने एक लिखित आवेदन अनुमंडल



पदाधिकारी को सौंप कर कहा है कि वे सभी राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय नैनहा के छात्र हैं। सभी छात्र इस वर्ष फरवरी माह में होने वाले दसवीं कक्षा के परीक्षा में भाग लेने वाले हैं। लेकिन उन सभी छात्रों का एडमिट कार्ड ही नहीं आया है। जिससे वे सभी छात्र परीक्षा से वंचित हो गए हैं। छात्रों का कहना है कि प्रधान शिक्षक के द्वारा पंजीयन कराया गया है वे लोग पंजीयन करने हेतु प्रधान शिक्षक को खर्च भी दिए हैं। किंतु नैनहा उत्क्रमित उच्च विद्यालय के प्रधानाध्यापक विनोद बैठा कुछ दिनों से परीक्षा में बैठने हेतु पंजीयन संख्या और प्रवेश पत्र देने से मुकर रहे हैं। ऐसी स्थिति में वे सभी छात्रों का जीवन आधार में लटक गया है। जिसको लेकर छात्रों ने अनुमंडल पदाधिकारी को आवेदन देकर प्रधान शिक्षक पर कड़ी से कड़ी कार्रवाई करने की मांग की है।

# प्रशस्ति पत्र से सम्मानित हुए राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर उत्कृष्ट योगदान देने वाले कर्मी

राष्ट्रीय खबर

**बिहारशरीफ :** राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर आज गुरुवार को हरदेव भवन सभागार में जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य निर्वाचन आयुक्त भारत का वीडियो संदेश प्रसारित किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित सभी पदाधिकारियों, कर्मियों एवं अन्य लोगों को सभी निर्वाचनों में अपने मताधिकार के प्रयोग की शपथ दिलाई गई। जिला निर्वाचन पदाधिकारी -सह- जिलाधिकारी शशांक शुभंकर ने अपने संबोधन में कहा कि सभी संबंधित कर्मियों एवं पदाधिकारियों के सहयोग से मतदाता सूची के पुनरीक्षण का कार्य किया गया है। निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण मतदान के लिये




संपूर्ण जिला प्रशासन प्रतिबद्ध है। बैठक में उपस्थित अन्य लोगों ने भी अपने मताधिकार एवं मतदाताओं को दी जाने वाली सुविधाओं को लेकर अपने विचार व्यक्त किये। जिला स्वीप आइकॉन निःशक्त डॉ सुदर्शन कुमार एवं पीडब्लूडी संघ के अध्यक्ष हृदय यादव ने भी अपने अपने विचार व्यक्त किये। समारोह में निर्वाचन से संबंधित कार्यों में उत्कृष्ट योगदान देने के लिये कई बीएलओ, डाटा एंट्री ऑपरेटर, कर्मी एवं पदाधिकारियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर उप विकास आयुक्त, अपर समाहर्त्ता, अपर समाहर्त्ता आपदा,जिला भू-अर्जन पदाधिकारी, जिला लोकशिकायत निवारण पदाधिकारी,उप निर्वाचन पदाधिकारी सहित अन्य विभागों के जिला स्तरीय पदाधिकारी, कर्मी, बीएलओ एवं अन्य उपस्थित रहे।

# सराहनीय प्रयास : आदिवासी समुदाय की महिलाएं हो रही हैं आत्मनिर्भर

## शराबबंदी के बाद शराब कारोबार छोड़ कर रही हैं खेती-किसानी

राष्ट्रीय खबर

**बगहा प.च.** भारत में जब अंग्रेजी हुकूमत की आगाज हुई। तब आदिवासियों का बड़ा समूह झारखंड के लोहरदगा में गुजर बसर कर कोलभील की जिंदगी काट रहे थे। तभी अंग्रेजी शासकों की नजर इन समुदायों पर पड़ी तो चंपारण में नील की खेती करने के लिए विकल्प था। बस क्या था उन्हें इस वन क्षेत्र में ला कर उनके पूरे परिवार सहित अन्य को नील की खेती करने के लिए बड़ी जिम्मेदारी सौंपी। जिसमें उनके परिजनों ने बड़े ईमानदारी से अंग्रेजी हुकूमत के द्वारा जिम्मेदारी को बखूबी निभाया। देश की आजादी के अपनी कार्यशैली पर भारत सरकार ने पूर्ण रूप से बासगीत जमीन मुहैया करा कर उनका हक अदा कर उन्हें मुख्य धारा में जोड़ दिया। फिर वही झारखंड के कुछ हिस्सों से नक्सलियों का एक समूह खड़ा हो कर चंपारण की धरती पर इसकी रूप रेखा तैयार शुरू कर दी। वही



धीरे धीरे जंगलसीमावर्ती में नक्सलियों का गढ़ बनता चला गया।नक्सलियों के बढ़ते प्रभाव पर राज्य सरकार व भारत सरकार ने गम्भीरता से लेकर इन समुदाय को समाज के मुख्य धारा में जोड़ने के लिए विभिन्न प्रकार के उपयोगी योजनाओं को उनके बीच लाई। वही सशत्र सीमा सुरक्षा बल तैनाती कर उनके जीवन में स्वास्थ्य से लेकर जिंदगी की हर पहलुओं पर विशेष रूप से अभियान चलाया और सफल भी हुआ। इसके साथ ही बिहार सरकार ने अप्रैल माह 2016 में पूरे बिहार में नशाबंदी अभियान चलाकर लोगों की जिंदगियों को बेहतर बनाने में विशेष पहल की। इस तरह से आदिवासी समुदाय के कन्याओं तथा महिलाओं ने बढ़ चढ़कर उस अभियान में अपनी बेहतर भूमिका निभाने में किसी से पीछे नहीं रहीं। वही शराब की धंधे को छोड़ कर कृषि कार्यों में बेटियों ने जबरदस्त उत्साह के साथ कार्यों को अंजाम देने का निर्णय लिया। आज के परिवेश में भारत सरकार ने जिस तरह से बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ का अभियान चलाया है। इसका सीधा प्रमाण आदिवासी समुदाय के बेटियों ने अपनी करतब को समाज के सामने प्रस्तुत कर समाज को बेहतर बनाने में लोगों के लिए नई ऊर्जा के साथ नई चेतना जागृत किया है।

## मतदाता दिवस पर डीएम ने एसडीएम को सम्मानित किया



राष्ट्रीय खबर

**जगदीशपुर(भोजपुर) :** राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर कलेक्ट्रेट सभागार में निर्वाचन से जुड़े कार्यों में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए जगदीशपुर एसडीएम संजीत कुमार और बीडीओ राजेश कुमार को डीएम राजकुमार ने मेडल और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। डीएम द्वारा एसडीएम को बेस्ट निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी का पुरस्कार दिया गया। जबकि बेस्ट सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी का पुरस्कार बीडीओ राजेश कुमार को दी गई।इधर, राज्य स्तर पर बेस्ट बीएलओ का अवार्ड शालदा खातून को मिला। उन्हें प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।वह जगदीशपुर विधानसभा क्षेत्र के बीएलओ है। कार्यक्रम मे डीडीसी विक्रम वीरकर, जगदीशपुर अवर निर्वाचन पदाधिकारी तौकीर किब्रिया सहित जिले के पदाधिकारी मौजूद थे।

## सड़क हादसा में युवक घायल

**संझौली (रोहतास) :** मुख्य बाजार में गुरुवार को सड़क हादसा में एक युवक गंभीर रूप से हो गया। घयाल युवक राकेश कुमार पिता बाबुधन थाना क्षेत्र राजाड़ीह गांव का बताया जाता है। स्थानीय ग्रामीणों की सहयोग से घायल यवक को एक निजी क्लीनिक में इलाज कराया गया। बताया जाता है कि राकेश मुख्य सड़क पर साइड से पैदल जा रहा था, इसी बीच एक बाइक चालक ने उक्त युवक में टक्कर मार दी। जिससे गंभीर से घायल हो सड़क पर जा गिरा।



संपादकीय

# वर्ष 1950 से 2024 तक कहां पहुंचे हम


भारतवर्ष के स्वतंत्र देश में एक गणतंत्र का जन्म हुआ था गत 26 जनवरी 1950 को। उस घटना को अब 75 साल हो गये हैं। इसमें यह हर भारतीय नागरिक के लिए आत्ममंथन का समय है कि हम वहां से चलकर कहां आ पहुंचे हैं। भारत गणराज्य का उद्घाटन इस देश के लोगों में उच्च विश्वास का एक कार्य है, जो योग्य उद्देश्यों की प्राप्ति के लिए देश की सभी प्रतिभाओं और संसाधनों के समर्पण का संकेत है। यह प्रत्येक भारतीय की ओर से एक अंतर्निहित प्रतिज्ञा है कि वह अपनी ताकत और क्षमता की सीमा तक अपने देश के सम्मान को बनाए रखेगा, अच्छे के लिए उसकी ताकत बढ़ाएगा और विचलित दुनिया को अभय का अपना अमर संदेश देगा। एक लोकतांत्रिक गणराज्य, जिसे हमारे संविधान का लक्ष्य बनाना है, वह है जिसमें व्यक्ति का मूल्य सामूहिक इच्छा में डूबा नहीं है बल्कि उसे बनाए रखता है। ऐसी राजनीति में कोई भी व्यक्ति बैसाखी के सहारे नहीं चल सकता या




सार्वजनिक व्यवसाय को अपनी चिंता का विषय नहीं मान सकता। प्रत्येक नागरिक को यह याद रखना चाहिए कि यदि राज्य के साथ कोई मामला बिगड़ता है तो अंततः वह ही जिम्मेदार है। इसलिए, उसे अध्ययन के माध्यम से न केवल सरकार की मशीनरी के कामकाज से पर्याप्त परिचित होना चाहिए जिसके माध्यम से लोकतंत्र कार्य करता है। उसे उन बुनियादी समस्याओं को समझना होगा जिनसे निपटना होगा यदि अच्छे जीवन को यहीं और अभी साकार करना है। उसके पास चरित्र की ताकत होनी चाहिए जो अकेले ही किसी देश की सच्ची पूंजी है। और सबसे बढ़कर, उसमें अपना कंधा गाड़ी के साथ खड़ा करने और धक्का देने तथा खींचने की इच्छाशक्ति होनी चाहिए, कभी भी अपने साथियों के साथ कदम से कदम नहीं मिलाना चाहिए, कभी छोटे रास्ते नहीं तलाशने चाहिए, कभी बलि का बकरा ढूंढने के प्रलोभन के आगे नहीं झुकना चाहिए। आज हम जो विशेष अनुपूरक जारी कर रहे हैं, उसका उद्देश्य उस महान साहसिक कार्य की महत्ता के साथ-साथ उसकी भव्यता का अंदाजा देना है, जिस पर भारत के लोग निकल रहे हैं। गरीबी के साथ-साथ हमारी अर्थव्यवस्था की क्षमताएं, हमारी अटूट मानव संपदा का दोहन करने की तत्काल आवश्यकता, सदियों की लंबी नींद के बाद आत्मा को मुक्त करने के लिए शिक्षा की शक्ति, सबक और चेतावनियां जो हमें सफलताओं से लेनी चाहिए और अन्य आत्मनिर्भर लोगों की विफलताएँ - ये सभी मामले, जैसा कि इन सैकड़ों पृष्ठों में बताया गया है, यह आशा की जाती है, पाठक को सामाजिक और सांस्कृतिक पैटर्न की एक सुसंगत तस्वीर प्रदान करेगा जो कि भविष्य में बन रही है। जैसा कि कोई भी समझदार पाठक देखेगा, भविष्य के लिए सतर्क आशावाद में से एक है। अगस्त 1947 का पहला बढ़िया लापरवाह उत्साह परिस्थितियों में जिम्मेदारी के अभ्यास से शांत हो गया है, जीवित रहना अपने आप में एक जीत है। हमारे पास करने के लिए बहुत सारे काम हैं। और हमने एक समय में बहुत सारे काम करने की कोशिश की है। प्रशिक्षित क्षमता महत्वाकांक्षा से मेल नहीं खाती है। बिजली उन बहुत से लोगों के सिर पर चढ़ गई जिन्होंने इसे पैदा करने के लिए बहुत कम काम किया था, लेकिन जो चीनी के लिए मक्खियों की तरह झुंड में आ गए। ज़िम्मेदारी बाँटना एक आध्यात्मिक प्रक्रिया है जिसके लिए लोगों को निष्ठापूर्वक खुद को तैयार करना चाहिए। सबसे बड़ी कमी जो स्वराज ने उजागर की वह यह है कि महात्मा के नेतृत्व में आजादी हासिल करने वाले देशभक्तों के शानदार समूह के पीछे व्यावहारिक रूप से रक्षा की कोई दूसरी पंक्ति नहीं बनाई गई है, युवा राजनेताओं का कोई समूह नहीं है, जिन्हें बिना टिमटिमाए मशाल सौंपी जा सके। जिनके हाथों में हमेशा की तरह उज्ज्वल रूप से जलने का भरोसा किया जा सकता है। गणतांत्रिक भारत के लिए यह उतना ही आवश्यक है, जितना कि स्वतंत्र होने के लिए संघर्ष कर रहे भारत के लिए, धर्मयुद्ध की भावना को जीवित रखना। केवल, धर्मयुद्ध को भीतर के शत्रु के विरुद्ध किया जाना चाहिए। संविधान ने हमें लोकतंत्र का कवच प्रदान किया है। इसमें जीवन का आह्वान करना हम पर निर्भर है। सृष्टि की पौराणिक किंवदंतियाँ पानी के मुख पर विराट के लेटे हुए होने की बात करती हैं, जो प्रवेश करने वाली किसी भी छोटी शक्ति के प्रति अनुत्तरदायी था, जब तक कि अंततः सर्वोच्च आत्मा ने प्रवेश नहीं किया और तुरंत विराट चला गया। हम इसे अपनी वर्तमान राजनीतिक स्थिति का दृष्टान्त मान सकते हैं। वाइमर गणराज्य ने एक सराहनीय संविधान तैयार किया जो बेकार कागज बन गया क्योंकि गणतंत्र के पेट में कोई आग नहीं थी। यदि भारत को अपने लाखों लोगों के लिए एक निष्पक्ष, न्यायसंगत और व्यवहार्य राजनीति और पूर्ण जीवन का निर्माण करना है तो यह वह आग है, वह जीवन की ऊर्जा है, जिसे लोगों की सुप्त चेतना में जगाया जाना चाहिए। इससे भारत में गणतंत्र का सही विकास होगा, जो फिलहाल नहीं है।

# भारतीय संविधान से जुड़े महत्वपूर्ण तथ्य

गणतंत्र दिवस पर विशेष




भारत का संविधान दुनिया का सबसे लंबा लिखित संविधान है, जो 26 जनवरी 1950 को लागू किया गया था। इस वर्ष हम 74वां गणतंत्र दिवस मना रहा है। ऐसे में इस विशेष अवसर पर भारत के गौरव के प्रतीक भारतीय संविधान के निर्माण से जुड़े कुछ महत्वपूर्ण तथ्यों को जानना बेहद जरूरी है।

- सर्वप्रथम सन्‌ 1895 में लोकमान्य बाल गंगाधर तिलक ने मांग की थी कि अंग्रेजों के अधीनस्थ भारतवर्ष का संविधान स्वयं भारतीयों द्वारा ही बनाया जाना चाहिए लेकिन तिलक के सहयोगियों द्वारा भारत के लिए स्वराज्य विधेयक के प्रारूप को, जिसमें पहली बार भारत के लिए स्वतंत्र संविधान सभा के गठन की मांग की गई थी, ब्रिटिश सरकार द्वारा ठुकरा दिया गया था।



श्वेता गोयल
स्तंभकार

- 1922 में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने मांग की कि भारत का राजनैतिक भाग्य भारतीय स्वयं बनाएंगे। 1924 में पं. मोतीलाल नेहरू ने संविधान सभा के गठन की फिर मांग की लेकिन अंग्रेजों द्वारा उनकी मांग को भी ठुकरा दिया गया। तब से संविधान सभा के गठन की मांग लगातार उठती रही लेकिन अंग्रेजों द्वारा उसे हर बार ठुकराया जाता रहा।

- 1939 में कांग्रेस अधिवेशन में एक प्रस्ताव पारित किया गया, जिसमें कहा गया कि स्वतंत्र देश के संविधान के निर्माण के लिए संविधान सभा ही एकमात्र उपाय है और अंततः 1940 में ब्रिटिश सरकार ने इस मांग को मान लिया कि भारत का संविधान भारत के लोगों द्वारा ही बनाया जाए।

1942 में क्रिप्स कमीशन ने अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत की, जिसमें कहा गया कि भारत में निर्वाचित संविधान सभा का गठन किया जाएगा, जो भारत का संविधान तैयार करेगी।

9 दिसम्बर सन्‌ 1946 को संविधान सभा सच्चिदानंद सिन्हा की अध्यक्षता में पहली बार समवेत हुई थी लेकिन मुस्लिम लीग ने अलग पाकिस्तान बनाने की मांग को लेकर इस बैठक का बहिष्कार किया।

- 11 दिसम्बर 1946 को हुई संविधान सभा की बैठक में डा. राजेन्द्र प्रसाद को संविधान सभा का अध्यक्ष चुना गया और वे संविधान के निर्माण का कार्य पूरा होने तक इस पद पर रहे।

- 14 अगस्त 1947 को भारत डोमिनियन की प्रभुत्ता सम्पन्न संविधान सभा पुनः समवेत हुई और 29 अगस्त 1947 को स्वतंत्र भारत में संविधान सभा द्वारा संविधान निर्मात्री समिति का गठन किया गया, जिसका अध्यक्ष सर्वसम्मति से डा. भीमराव अम्बेडकर को बनाया गया। संविधान प्रारूप समिति की बैठकें 114 दिन तक चली।

संविधान के निर्माण में कुल 2 वर्ष 11 माह 18 दिन का समय लगा।

संविधान के निर्माण कार्य पर कुल 63 लाख 96 हजार 729 रुपये का खर्च आया।

संविधान के निर्माण कार्य में कुल 7635 सूचनाओं पर चर्चा की गई।

26 जनवरी 1950 को भारत का संविधान लागू होने के बाद से अब तक हुए अनेक संशोधनों के बाद भारतीय संविधान में 440 से भी अधिक अनुच्छेद व 12 परिशिष्ट हो चुके हैं।

# बेशकीमती फूलदान

प्रेरक-प्रसंग



वे किसी की भी बात सुनने को राजी नहीं थे। इसलिए स्थिति को भांपते हुए तेनालीराम ने चुप रहना ही ठीक समझा। फांसी का दिन तय किया गया। सेवक रमैया का रो-रोकर बुरा हाल था। ऐसे में जब तेनालीराम रमैया से मिलने के लिए गए तो रमैया उनसे अपने प्राणों को बचाने की गुहार लगाने लगा। तेनालीराम ने रमैया के कानों में धीरे से कुछ कहा, जिसे सुनकर उसके चेहरे के भाव कुछ शांत हुए और उसने अपने आंसू पोंछे।आखिरकार फांसी का दिन भी आ ही गया। रमैया निश्चिंत, शांत खड़ा था। फांसी देने से पहले रमैया से उसकी आखिरी इच्छा पूछी गई। रमैया ने झट से जवाब में कहा कि वह मरने से पहले बचे हुए तीनों फूलदानों को एक अंतिम बार देखना व छूना चाहता है। सभी को उसकी यह इच्छा सुनकर बहुत हैरानी हुई।आदेशानुसार तीनों फूलदानों को मंगवाया गया। रमैया ने पहले सभी फूलदानों को निहारा, उन्हें धीरे से उठाया और एक-एक करके सभी फूलदानों को जमीन पर पटक दिया जिससे वे टूट कर बिखर गए। राजा यह देखकर गुस्से से लाल हो गए और उन्होंने रमैया से पूछा, ह्लमूर्ख! तेरी इतनी हिम्मत। बोल तूने ऐसा दुस्साहस क्यों किया?ह्नरमैया ने थोड़ा मुस्कुराकर जवाब दिया, ह्लमेरे भूल के कारण आपका एक बेशकीमती फूलदान टूट गया, जिसकी वजह से मुझे मृत्युदंड मिल रहा है। अगर भविष्य में किसी सेवक द्वारा ये तीनों फूलदान गलती से टूट जाते हैं तो मैं नही चाहता कि उन्हें भी मेरी तरह मृत्युदंड मिले और ये दिन देखना पड़े। इसलिए मैनें स्वयं ही बाकी बचे हुए फलदानों को तोड़ दिया।ह्नयह सुनकर राजा का गुस्सा शांत हुआ। उन्हें समझ में आ गया कि किसी व्यक्ति की जिंदगी एक निर्जीव फूलदान से बढ़कर नहीं हो सकती है। .. . ... ..जारी।

कविता

# रामलला गाओ तुम भी राष्ट्रगान



राजलक्ष्मी सहाय
साहित्यकार

जन-गण-मन अपना राष्ट्रगान
शीघ्र सीख लो रामलला
फहरेगा तिरंगा भारत में सब ओर
अयोध्या में तो जरूर
तीन दिनों का समय कम, रट लो जल्दी जल्दी
फहराना तुम भी झंडा, गाना होगा राष्ट्रगान
तुम गाओ तो सब गाएंगे, वर्ष पांच के बच्चे भी
सोचो मेरे राम लला कितना



सुंदर गाएंगे
नौनिहालों की खातिर
शीघ्र सीख लो धुन इसकी
इस धुन पर नाचे मन मयूर
सारे रंगों का सौन्दर्य छिटके भारत माता पर
हे राम लला तुम सच्चे दयालु कृपालु मन तेरा
बच्चे बच्चे भी सीखें कसम तिरंगे की लेकर
मानवता से लिपट रहे तेरे जैसे बनें वीर
साहस का पहले चोला
याद तुम्हें क्या रामलला
जिस माटी धूल में वर्षों तुम रहे टाट के नीचे
उसी माटी में बसे लाल अनोखे भारत के
भगत, सुभाष, तिलक, शिवाजी
उस धूल का तिलक शोभ रहे तेरे भाल पर
तुम विवश कर सको तो करना
नौनिहाल इस माटी के भगत सरीखे बलिदानी हो
तुम आदर्श बने करो मार्ग प्रशस्त
चल जाएगा तेरा जादू लगता अब तुम बोल पड़ोगे
कितने अक्षर बन्द रखे हो धीरे से मुख खोलो तो
खेलो भारत के बच्चों संग कथा सुनाओ नाट्य रचाओ
केवट शवरी निशाद अभिनय दीन दुखी को गले लगाना
बातों बातों में सिखला दो
पर पहले रट लोग राष्ट्रगान जो तुम गाओगे जन गण मन
झूमेगा उत्तंग हिमालय गाएगी गंगा अलबेली
वन कतार में होंगे खूब करेंगे कदम ताल
थिरक उठेंगी दूब हरी पुष्प मदमस्त खुश
तीनों सागर मिल जुल राष्ट्रप्रेम का तूफान अनंत
सरहस से सागर तक होगा विस्तार प्रेम
गाओ गाओ रामलला
जन गण मन तुम भी गाओ
मानस खोलेगा हृदय पटल ध्रुव प्रह्लाद भरत सरीखे
बालक फिर हर कोने में रोशन कर देंगे अपनी धरती
बलिदानी वीरों का रक्त फूल बनकर फिर खिलेगा



बालक बालिकाएं
वीर वीरांगनाएं
होंगे पहचान
भारत की झट
झट सीखों
रामलला, मधुर
कंठ से गाना
यह गान आजादी
का, तेरी धरती
की आजादी ।।

जानकारी

# सिंगापुर का इतिहास



ब्रिटिश अपनी ओर से सिंगापुर और मलय के लिए धीरे-धीरे स्व-शासन को बढ़ावा देने के लिए तैयार थे। 1 अप्रैल 1946 को जलडमरू की बस्तियों को भंग कर दिया गया और सिंगापुर एक अलग क्राउन कॉलोनी बन गया जहां एक गवर्नर के नेतृत्व में नागरिक प्रशासन कायम हो गया। जुलाई 1947 में अलग कार्यकारी और विधान परिषदों की स्थापना की गयी और अगले वर्ष विधान परिषद के छह सदस्यों के चुनाव की अधिसूचना जारी कर दी गयी। पहला विधान परिषद (1948-1951) मार्च 1948 में आयोजित सिंगापुर का पहला चुनाव सीमित था क्योंकि इसमें विधान परिषद के पच्चीस सीटों में से केवल छः सीटों को निर्वाचित किया जाना था। केवल ब्रिटिश लोगों को वोट करने का अधिकार था और योग्य लोगों में से केवल 23,000 या लगभग 10% ही वोट देने के लिए पंजीकृत थे। परिषद के अन्य सदस्यों को या तो राज्यपाल द्वारा या व्यापार मंडल द्वारा चुना गया था।

# Google Pixel 8, Pixel 8 Pro नए मिंट कलर ऑप्शन में लॉन्च

साइबर दुनिया



नई दिल्ली: Google ने बाजार में Google Pixel 8, Pixel 8 Pro को नए कलर वेरिएंट में पेश कर दिया है। ब्रांड ने पिछले कुछ दिनों से मिन्ट फ्रेश नाम के साथ आगामी पेशकश को टीज किया था। अक्टूबर में लॉन्च के वक्त Pixel 8 को Obsidian, Haze' और Rose कलर में उतारा गया था, जबकि Pixel 8 Pro बाजार में Obsidian, Bay और Porcelain कलर्स में आया था। अब एक नया Mint कलर भी जुड़ गया है। यह हम आपको Google Pixel 8 और Pixel 8 Pro के बारे में विस्तार से बता रहे हैं।

**Google Pixel 8, Pixel 8 Pro की कीमत और उपलब्धता**

Google Pixel 8, Pixel 8 Pro का मिंट कलर वेरिएंट Google स्टोर पर एक्सकुलेसिव तौर पर लिस्टेड है। यह स्मार्टफोन समान कीमत पर सिर्फ 128GB मॉडल में उपलब्ध है। मिंट Pixel 8, Google इंडिया ऑनलाइन स्टोर पर लिस्टेड है, लेकिन Google भारत में सिर्फ ई-कॉमर्स साइट Flipkart के जरिए Pixel फोन बेचता है, इसलिए भारत में फ्लिपकार्ट पर नया कलर ऑप्शन लिस्ट हो गया है।

**Google Pixel 8, Pixel 8 Pro के स्पेसिफिकेशन्स और फीचर्स**

Google Pixel 8 में 6.2 इंच की FHD+ OLED डिस्प्ले दी गई है, जिसका रेजोल्यूशन 1080X2400 पिक्सल और रिफ्रेश रेट 90Hz है, जबकि Pixel 8 Pro में 6.7 इंच की QHD+ LTPO OLED डिस्प्ले दी गई है, जिसका रेजोल्यूशन 1344X2992 पिक्सल, रिफ्रेश रेट 120Hz और पीक ब्राइटनेस 2400 nits तक है। Pixel 8, Pixel 8 Pro स्मार्टफोन Google के नॉन-कोर Tensor G3 चिपसेट और Titan M2 सिक्योरिटी चिप से लैस हैं। कैमरा सेटअप के लिए Pixel 8 Pro में 50 मेगापिक्सल का प्राइमरी कैमरा, 48 मेगापिक्सल का दूसरा अल्ट्रावाइड कैमरा और तीसरा 48 मेगापिक्सल क्वाड-PD 5x जूम कैमरा दिया गया है।

टॉप ट्वीट



"हिमाचल प्रदेश के निवासियों को राज्य स्थापना दिवस की शुभकामनाएं। मेरी कामना है कि यह सुंदर राज्य विकास और समृद्धि की ऊंचाइयां छुए और निरंतर बढ़ता रहे।"

जगदीप धनखड़
उपराष्ट्रपति



"वो पूछेगा तुमसे...एक खेल खेलोगे? पर उसके बहकावे में मत आना। जियो स्टूडियोज, देवगन फिल्म्स और पैनोरमा स्टूडियोज द्वारा प्रस्तुत, शैतान का निर्माण अजय देवगन, ज्योति देशपांडे, कुमार मंगत पाठक और अभिषेक पाठक द्वारा किया गया है।विकास बहल निर्देशित फिल्म शैतान 08 मार्च को रिलीज होगी।"

अजय देवगन
बॉलीवुड अभिनेता

संपादक के नाम पत्र

## आवश्यक है आवेगों पर नियन्त्रण

व्यवस्थित एवं शील जीवन का निर्माण संतुलित मस्तिष्क से ही संभव है। संतुलित मस्तिष्क आवेगों पर नियन्त्रण कर के प्राप्त किया जा सकता है। व्यक्ति स्वभावतः अपराधी नहीं होता किन्तु आवेग उसे अपराध में झोंक देते हैं।

आवेग एक मानसिक आंधी है, वह मानव के मस्तिष्क को असंतुलित ही नहीं कर देती कई बार तो उसे विचार शून्य तक बना देती है। आवेग की आंधी में मस्तिष्क का अस्तित्व ही विलुप्त सा हो जाता है अनेक दुष्कर्म व्यक्ति के द्वारा उसी अवस्था में होते हैं। मस्तिष्क व्यक्ति के जीवन और चरित्र' को संतुलित करता है। वही जब असंतुलित हो जाता है तो उस समय क्या कर बैठे कुछ भी नहीं कहा जा सकता । अपने आवेगों को नियन्त्रित करना सबसे बड़ी साधना है, सबसे बड़ा तप है। आवेगों का जन्म बाह्य परिस्थितियों से जुड़ कर होता है। अतः बहुत उचित होगा कि हम अपने बाह्य वातावरण को इतना सुलझा हुआ रखे कि आवेग पैदा होने जैसा कुछ हो ही नहीं किन्तु इतना सब कुछ कर लेने पर भी इतना तो होगा ही कि सारे व्यक्ति जो अपने से जुड़े है वे अपनी तरह ही सोचेंगे, यह अवश्यक नहीं । अतः परिस्थितियों में प्रतिकूलता तो बनी ही रहने वाली है। परिस्थिति की प्रतिकूलताओं को सहर्ष स्वीकार कर अपने आवेगों को दबाए रखना और मस्तिष्क के संतुलन को सुरक्षित रखना सच्चा और अच्छा जीवन जीने की कला है ।कुछ पल के लिये आवेग की शरणागत व्यक्ति अनर्थ कर देता है ।उसको पता नही रहता है कि मैंने यह क्या कर दिया ।लेकिन इतना तो जरूर है ।मारने वाले व्यक्ति की दिशा बुरी होती है ।जेल में पुरी जिंदगी बर्बाद कर देता है ।अब पछताय क्या होत है चिड़िया चुग गई खेत ।पड़ौसी देश ने कारगिल आदि प्रदेशों में महा युद्ध के लिये उकसाने में कोई कमी नहीं रखी ।

कांतिलाल मांडोत



स्वस्तिक मीडिया वेंचर्स प्रा. लिमिटेड के लिए मुद्रक और प्रकाशक रजत कुमार गुप्ता द्वारा वृंदा मीडिया पब्लिकेशन्स प्रा.लि., चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची से मुद्रित और एचआई 254, हरमू बाईपास रोड, हरमू हाउसिंग कालोनी, रांची से प्रकाशित। सम्पादक - रजत कुमार गुप्ता
RNI No- JHAHIN/ 2008/ 26373, email-rastriyakhabarhn@gmail.com, www.rashtriyakhabar.com, Phone No. 0651-2244605, 2244505

## शहर >> अपडेट

### 15 लीटर देशी शराब के साथ एक धंधेबाज धराया

**मझौलिया।** स्थानीय पुलिस ने 15 लीटर चुलाई शराब के साथ एक शराब धंधेबाज को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।जानकारी पुलिस निरीक्षक सह थानाध्यक्ष अभय कुमार ने दी।उन्होंने बताया कि बहुअरवा पंचायत के बैराठपुर निवासी दिलीप यादव को 15 लीटर देशी चुलाई शराब के साथ गिरफ्तार कर बिहार मद्य निषेध एवं उत्पाद अधिनियम के तहत कांड दर्ज कर मेडिकल जांचोपरांत जेल भेज दिया गया है।

## सिटी

### डी.एम की अध्यक्षता में राष्ट्रीय मतदाता दिवस का दीप प्रज्जवलित कर उद्घाटन किया गया

**जहानाबाद !** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिलाधिकारी रिची पाण्डेय की अध्यक्षता में 14वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस, 2024 का दीप प्रज्जवलित कर उद्घाटन किया गया। इसके साथ ही निर्वाचन कार्य में उत्कृष्ट कार्य करने वाले पदाधिकारियों, कर्मियों एवं बी.एल.ओ. को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया तथा लोकतंत्र में अपनी स्वच्छ भागीदारी के लिए शपथ दिलाया गया। जिलाधिकारी ने सर्व प्रथम कार्यक्रम में उपस्थित पदाधिकारियों, कर्मियों, बी.एल.ओ. सहित जिला वासियों को 14वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस, 2024 की शुभकामना दिया। उन्होंने बताया कि 25 जनवरी 2011 को प्रथम राष्ट्रिय मतदाता दिवस मनाया गया था। प्रत्येक वर्ष 25 जनवरी को राष्ट्रिय मतदाता दिवस का आयोजन किया जाता है। जिला स्तर के साथ साथ राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर सभी निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी स्तर पर तथा सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी स्तर पर समारोह का आयोजन किया गया है। राष्ट्रीय मतदाता दिवस के आयोजन का मुख्य उद्देश्य मतदाताओं को जागरूक करना।

## संक्षिप्त >> अपडेट्स

### अपमानजनक शर्तो को नहीं मानेंगे शिक्षक : शत्रुघ्न प्रसाद सिंह

**नियोजित शिक्षकों को राज्यकर्मी का दर्जा देने संबंधी मामले में शिक्षक संघ के साथ बैठक करें मुख्यमंत्री**

बिहार माध्यमिक शिक्षक संघ के महासचिव व पूर्व सांसद शत्रुघ्न प्रसाद सिंह ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को पत्र लिखकर कहा कि विशिष्ट शिक्षक नियमावली 2023 में परीक्षा में शामिल होने वाले शिक्षकों के लिए कठिन से कठिन शर्त्त लाद दी गयी है। शिक्षकों को तीन जिले का विकल्प देना होगा, अन्यथा उन्हें जहाँ-तहाँ तबादला कर दिया जायेगा। जिले के विकल्प देने के समय उनके सामने उन जिलों की रिक्तियाँ नहीं होगी। वे अंधकार में रहेंगे। अतः इस प्रावधान को हटा दिया जाय। शिक्षकों के लिए ऐच्छिक स्थानान्तरण का ही प्रावधान किया जाय। शत्रुघ्न प्रसाद सिंह ने कहा कि जहाँ तक ऑनलाईन परीक्षा का विभागीय आदेश है, इसका उल्लेख नियमावली में नहीं है। जब दो लाख से अधिक शिक्षकों की बहाली लिखित परीक्षा ऑफलाईन ली गई तो नियोजित शिक्षकों के लिए ऑनलाईन परीक्षा का कोई औचित्य ही नहीं है। पुराने शिक्षकों को कम्प्युटर का भी कभी प्रशिक्षण नहीं दिया गया है। इसलिए इन कठिन शर्तों को स्वीकार नहीं करेंगे। वे अपमानजनक एवं असुविधाओं में नियोजित ही रहना चाहेंगे। आपकी घोषणा का सम्मान विभाग नहीं कर रहा है, इससे शिक्षकों में भयंकर आक्रोश है।

# बरसात में बह जाता है पुल तो बाधित हो जाती है नौनीहालों की पढ़ाई

## दर्जनो गांवों का सहारा है चचरी पुल, जिम्मेदारों को परवाह नहीं

**मूलभूत सुविधाओं के लिए जद्दोजहद करने को मजबूर हैं लोग**

**विजयकांत चौबे**



**मधुबनी (बगहा) :** देश आज 75वां गणतंत्र दिवस मना रहा है। चारो तरफ आजादी के फायदे व आजादी के मायने समझाए जा रहे हैं। सरकारी-गैर सरकारी सभी संस्थानो में झंडोत्तोलन के बाद देशभक्ति की लहर बह रही है। इन 75 वर्षों में देश ने खूब विकास किया। बड़े-बड़े शहर बसे, कल कारखाने बने व देश ने तरक्की भी किया। मगर कुछ क्षेत्र आज भी ऐसे है जिन्हे उपेक्षा का शिकार होना पड़ा। जहां के लोगों को अपने मूलभूत सुविधाओं के लिए भी जद्दोजहद करना पड़ रहा है। मधुबनी प्रखंड क्षेत्र के यूपी बिहार की सीमा पर स्थित सिसवा घाट पर चचरी पुल के सहारे लोग आने जाने को मजबूर हैं। इस दौरान कई दुर्घटनायें भी घटित हो चुकी है। परंतु इस पर न तो कोई अधिकारी ध्यान देता है और ना ही कोई जनप्रतनिधि। यूपी-बिहार की सीमा सिसवा घाट दर्जनों गांवों के लोगो के लिए लाइफ लाइन हैं। यहाँ के बासी नदी पर बनी चचरी पुल के सहारे ग्रामीण आते जाते है। स्थानीय ग्रामीण चुन्नू प्रसाद, हरिहर यादव, राजू खरवार, लक्ष्मी गुप्ता, आदि ने बताया कि,जब जब चुनाव आता है नेता लोग वादा करते हैं व चुनाव बीत जाने के बाद कोई हाल जानने तंक नही आता है। ग्रामीणों ने बताया कि,इस सिसवा घाट के रास्ते सिसवा, बरवा, कठहा, धनहा, घघवा रूपहि, खैरवा, संत पट्टी सहित दर्जनों गांव के लोग आते जाते है। दर्जनों गांव के बच्चे शिक्षा ग्रहण के लिए उत्तर प्रदेश में चचरी पुल के सहारे जाते हैं। इस चचरी पुल से हमेशा दुर्घटना होने की संभावना बनी रहती हैं। ग्रामीणों के अनुसार हर साल बरसात में अधिक पानी होने के नाते चचरी पुल बह जाता है। उसके बाद ग्रामीण एवं बच्चे नाव के सहारे आते जाते हैं। ग्रामीणों ने बताया कि बीते वर्ष बच्चों से भरी नाव पलट गई थी। वही एक बाइक सवार भी चचरी पुल से नीचे गिर गया था।

# एमबीजीबी ने कई ऋणधारकों के खिलाफ किया सर्टिफिकेट

**राष्ट्रीय खबर**



**संझौली (रोहतास):** स्थानीय दक्षिण बिहार ग्रामीण बैंक ने ऋणधारकों के खिलाफ सर्टिफिकेट केस करते हुए गिरफ्तारी वारंट जारी किया है। बैंक के शाखा प्रबंधक अनुज कुमार ने बताया कि सियरुआ तथा जमुहारी गांव निवासी ऋणधारक, गोरख सिंह, मुनीराम सिंह, प्रद्युम्न सिंह, सुनील कुमार सिंह, धनजी सिंह, कमल किशोर सिंह, आनटू राम, रामेंद्र कुमार,परशुराम राम, जयराम चौधरी, हरदेव सिंह, ललन सिंह,दिनेश सिंह,राजेंद्र सिंह,बबन सिंह, बिरेंद्र सिंह आदि को गिरफ्तार करने पुलिस गयी, लेकिन वे चपत हो गये। थानाध्यक्ष मुकेश कुमार ने सर्टिफिकेट केस के तहत ऋणियों पर आगे की विधि सम्मत कार्रवाई शुरू कर दी है। शाखा प्रबंधक अनुज कुमार, अधिकारी रंजन कुमार व बैंक के नीलाम पत्र अधिकारी रोहित कुमार के निर्देश पर पुलिस बल द्वारा ऋणियों को समझौता कराने के लिए बोला गया। इसमें से दो ऋणी द्वारा गिरफ्तारी से बचने के लिए बैंक से समझौता कर राशि जमा करायी गयी। इसके बाद अधिकारियों द्वारा ऋणियों का तत्काल गिरफ्तारी वारंट स्थगित किया गया।

# सिसवनिया में उपमुखिया जहानेआरा खातुन पर लगा अविश्वास प्रस्ताव




**लौरिया, प.च. :** इओ लक्ष्मण प्रसाद पंचायत सचिव सुधांशु सुमन एवं मुखिया कन्हैया कुशवाहा के उपस्थिति में वार्ड सदस्यों द्वारा गुप्त मतदान किया गया। उपमुखिया जहानेआरा खातुन के पक्ष में पांच वार्ड सदस्य ने मतदान किया जबकि विरोध में आठ वार्ड सदस्य ने विरोध में मतदान किया ।जबकि एक मत खारीज किया गया ।तेरह वार्ड सदस्य एवं मुखिया ने मतदान में हिस्सा लिया। अविश्वास प्रस्ताव लगाने वाले गुट का नेतृत्व उषा देवी ने बताया की पिछले दो सालों से उपमुखिया का कार्यप्रणाली संतोषप्रद नहीं था। वहीं पंचायत सचिव सुधांशु सुमन ने बताया की आगे की कार्यवाही हेतु वरीय अधिकारी को लिखा जाएगा फिर समय जगह एवं तिथि निर्धारित होने पर उपमुखिया का चुनाव कराया जायेगा।

# अयोध्या में भव्य राम मंदिर का निर्माण होना हिंदुओं के लिए गर्व का विषय

## गया से जल और बालू ले जाना मेरे लिए सौभाग्य की बात : मधु

**राष्ट्रीय खबर**



**गया :** अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद की ओर से शाहमीर तकिया स्थित कालीबाड़ी में एक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ हनुमान चालीसा एवं विजय महामंत्र के साथ हुआ।समारोह के मुख्य अतिथि वेदा आश्रम बोधगया की वेदा दीदी को अंग वस्त्र एवं माला पहनाकर स्वागत किया गया। वही गया धाम से फल्गु नदी का पवित्र जल और बालू लेकर अयोध्या लौटने के उपरांत राष्ट्रीय महिला परिषद की जिला अध्यक्ष मधु शर्मा एवं गौ सेवक संगीता सिन्हा को संस्था की ओर से अंग वस्त्र भेंट कर सम्मानित किया गया और उनके द्वारा किए गए कार्यों की प्रशंसा की गई। मधु शर्मा ने अयोध्या से लौटने पर बताया कि प्रभु राम की कृपा से यह सब कार्य संभव हो पाया है। अयोध्या जैसा विश्व में कोई भी ऐसा नगरी नहीं है। भगवान राम लला के प्राण प्रतिष्ठा में फल्गु का जल अयोध्या ले जाना मेरे लिए बड़ा ही सौभाग्य की बात है। जो बड़ा ही अद्भुत और मन को शांति देने वाला रहा। मौके पर वक्ताओं ने कहा कि अयोध्या में राम मंदिर का निर्माण होना हिंदूओके लिए गर्व की बात है। परिषद के संस्थापक अध्यक्ष प्रवीण भाई तोगड़िया ने राम मंदिर निर्माण आंदोलन में सक्रिय भूमिका निभाई। जिनके अथक प्रयास और परिश्रम से ही अयोध्या में भव्य राम मंदिर का निर्माण संभव हो पाया है। आज हम लोगों के लिए बड़ा ही खुशी की बात है। सम्मान समारोह में अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद के जिला अध्यक्ष शिव लाल टईया, कार्यध्यक्ष मुक्तामणि,राष्ट्रीय बजरंग दल के प्रांत विभाग महामंत्री शशिकांत मिश्रा, राष्ट्रीय बजरंग दल के जिला अध्यक्ष रतन लाल गायव, विश्वजीत चक्रवर्ती, ओजस्विनी की जिला अध्यक्ष डॉ रश्मि प्रियदर्शनी, रजनी त्यागी अमीषा भारती, राष्ट्रीय महिला परिषद की जिला महामंत्री ममता गिरी, जिला मंत्री नीलम मिश्रा,वीणा गिरी, अर्पणा मिश्रा, अपराजिता चक्रवर्ती सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे। उक्त आशय की जानकारी अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद के विभाग महामंत्री रामकुमार बारीक ने दी।













## न्यूज फटाफट

### राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर लोगों ने मताधिकार प्रयोग का लिया शपथ


**राष्ट्रीय खबर**



**बिहारशरीफ :** राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर गुरूवार को हरदेव भवन सभागार में जिलास्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मौके पर मुख्य निर्वाचन आयुक्त भारत का वीडियो संदेश प्रसारित किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित सभी पदाधिकारियों, कर्मियों एवं अन्य लोगों को सभी निर्वाचनों में अपने मताधिकार के प्रयोग की शपथ दिलाई गई। जिला निर्वाचन पदाधिकारी -सह-जिलाधिकारी शशांक शुभंकर ने कहा कि सभी संबंधित कर्मियों एवं पदाधिकारियों के सहयोग से मतदाता सूची के पुनरीक्षण का कार्य किया गया है। निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण मतदान के लिये संपूर्ण जिला प्रशासन प्रतिबद्ध है। जिला स्वीप आइकॉन निःशक्त डॉ. सुदर्शन कुमार एवं पीडब्लूडी संघ के अध्यक्ष हृदय यादव ने भी अपने अपने विचार व्यक्त किये। समारोह में निर्वाचन से संबंधित कार्यों में उत्कृष्ट योगदान देने के लिये कई बीएलओ, डाटा एंट्री ऑपरेटर, कर्मी एवं पदाधिकारियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर उप विकास आयुक्त, अपर समाहर्त्ता, अपर समाहर्त्ता आपदा,जिला भू-अर्जन पदाधिकारी, जिला लोकशिकायत निवारण पदाधिकारी,उप निर्वाचन पदाधिकारी सहित अन्य विभागों के जिला स्तरीय पदाधिकारी, कर्मी, बीएलओ एवं अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे।

### जनता दरबार में जिलाधिकारी ने 16 आवेदकों की समस्याओं को सुना, कार्रवाई का दिया निर्देश

**राष्ट्रीय खबर**



**बिहारशरीफ :** दैनिक जनता दरबार में जिलाधिकारी शशांक शुभंकर ने गुरूवार को सोलह लोगों की समस्याओं को सुना तथा समस्याओं के निदान हेतु संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा निदेश दिया। बिहारशरीफ के धनेश्वर घाट के एक आवेदक द्वारा बताया गया कि उनके पूर्व से निर्मित मकान की चहारदीवारी निर्माण में पड़ोसी द्वारा व्यवधान उत्पन्न किया जा रहा है। जिलाधिकारी ने अनुमंडल पदाधिकारी बिहारशरीफ को स्थल जाँच कर कार्रवाई का निदेश दिया। एक आवेदिका द्वारा बताया गया कि उनके घर के लिये पड़ोसी लोगों द्वारा रास्ता नहीं दिया जा रहा है, जिससे कठिनाई हो रही है। जिलाधिकारी ने अनुमंडल पदाधिकारी को स्थल जाँच कर कार्रवाई का निदेश दिया। चंडी प्रखंड के कचरा के दो लोगों द्वारा बताया गया कि सालेपुर-तेलमर-नरसंडा पथ के निर्माण में उनका पूर्व से निर्मित इंदिरा आवास को हटाया जा रहा है। जिलाधिकारी ने जिला भू-अर्जन पदाधिकारी को नियमानुसार मुआवजे का भुगतान सुनिश्चित करने का निदेश दिया। अन्य आवेदनों को भी संबंधित विभाग के पदाधिकारियों को भेजते हुए समाधान हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया।

### पीड़ित मानवों का सेवा हीं मेरे जीवन का लक्ष्य है : टीपी शर्मा

**राष्ट्रीय खबर**



**मझौलिया/बब्लू पटेल :** प्रखंड अंतर्गत धोकराहा पंचायत के दुधा मठिया निवासी स्व बीरभद्र प्रसाद शर्मा के पुत्र टीपी शर्मा द्वारा पूर्वजों के विरासत को पुनर्जीवित रखने के लिए अपने निजी कोष से प्रवेश द्वार व मंदिर निर्माण कराया जा रहा है। वे समय-समय पर बच्चों के बीच छात्रवृत्ति सहित जनकल्याणकारी कार्यो को करते रहते हैं। उन्होंने बताया कि पिछले 15 वर्षो से लगातार मानव सेवा करते आया हूं आगे भी जारी रहेगा। उनके द्वारा छात्र-छात्राओं को पठन पाठन में सहयोग के लिए राशि उपलब्ध कराना छात्रों को तकनीकी और आधुनिक शिक्षा के लिए कंप्यूटर प्रदान करना, आर्थिक रूप से कमजोर ग्रामीणों को मदद पहुंचाना, धार्मिक आयोजनों में बढ़ चढ़कर भाग लेना, शुद्ध पेयजल की व्यवस्था करना उनके दिनचर्या में शामिल है।

यौन उत्पीड़न आरोपों के जांचोपरांत विम्स के कुछ चिकित्सकों के विरूद्ध जिलाधिकारी ने की कार्रवाई की अनुशंसा

### चिकित्सकों का निबंधन रद्द करने के लिये कार्रवाई का निर्देश

**राष्ट्रीय खबर**

**बिहारशरीफ :** विम्स पावापुरी में छात्राओं द्वारा कुछ चिकित्सकों के विरुद्ध यौन उत्पीड़न के आरोपों की जांच के लिये के गठित आंतरिक शिकायत समिति की जांचोपरांत आरोपों की पुष्टि के उपरांत जिलाधिकारी शशांक शुभंकर ने आरोपी चिकित्सकों के विरुद्ध कार्रवाई की अनुशंसा की है। बीते 7 दिसंबर 2023 को विम्स, पावापुरी में आयोजित रोगी कल्याण समिति की बैठक के उपरांत ओटी असिस्टेंट की कुछ छात्राओं द्वारा संस्थान के निश्चेतना विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. विजेंद्र प्रसाद, डॉ. निर्मल कुमार बीएमआइएमएस, डॉ. जितेश पीएमसीएच,डॉ. अजय कुमार पीएमसीएच एवं अन्य के विरुद्ध मौखिक एवं व्यवहारिक परीक्षा पास करने के नाम पर यौन उत्पीड़न किये जाने का गंभीर आरोप लगाया गया था। आंतरिक शिकायत समिति द्वारा दोनों पक्षों की सुनवाई की गई। मौखिक एवं लिखित बयान दर्ज किया गया। अन्य साक्ष्यों की भी जाँच की गई। आंतरिक समिति द्वारा अपने जाँच रिपोर्ट में डॉ. विजेंद्र प्रसाद एवं डॉ. जितेश कुमार पर लगाये गये आरोपों की पुष्टि की गई। साथ ही डॉ. निर्मल कुमार एवं डॉ .अजय कुमार की घटनास्थल पर उपस्थिति एवं इसका विरोध नहीं किये जाने को लेकर उनकी संलिप्तता परिलक्षित हुई है। जांच रिपोर्ट के आधार पर जिलाधिकारी ने प्राचार्य एवं अधीक्षक बीएमआइएमएस एवं निदेशक पीएमसीएच से संबंधित चिकित्सकों के विरुद्ध प्रपत्र 'क' गठित करते हुये अनुशासनिक कार्रवाई की अनुशंसा की है। सिविल सर्जन नालंदा को आइएमए के स्तर से इन चिकित्सकों का निबंधन रद्द करने के संदर्भ में अग्रेतर कार्रवाई का निदेश दिया गया है। राजगीर डीएसपी एवं थाना प्रभारी पावापुरी ओपी को इस मामले में दर्ज प्राथमिकी के अनुसंधान में इस जांच प्रतिवेदन में अंकित तथ्यों को भी सम्मिलित करते हुये अग्रेतर कार्रवाई का निदेश दिया गया है।

### 15 लीटर देशी शराब के साथ एक धंधेबाज धराया

**मझौलिया।** स्थानीय पुलिस ने 15 लीटर चुलाई शराब के साथ एक शराब धंधेबाज को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।जानकारी पुलिस निरीक्षक सह थानाध्यक्ष अभय कुमार ने दी।उन्होंने बताया कि बहुअरवा पंचायत के बैराठपुर निवासी दिलीप यादव को 15 लीटर देशी चुलाई शराब के साथ गिरफ्तार कर बिहार मद्य निषेध एवं उत्पाद अधिनियम के तहत कांड दर्ज कर मेडिकल जांचोपरांत जेल भेज दिया गया है।

## प्रदेश >> अपडेट

### बेस्ट एमपी आइकन अवार्ड से सम्मानित हुए सांसद

रांची: सांसद संजय सेठ को नई दिल्ली में बेस्ट एमपी आइकन अवार्ड से सम्मानित किया गया। दिल्ली में आयोजित कार्यक्रम में केंद्रीय सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्री रामदास अठावले ने सांसद श्री सेठ को यह सम्मान दिया। दादा साहब फाल्के संस्थान द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में सांसद को झारखंड के बेस्ट सांसद के रूप में सम्मानित किया गया। संजय सेठ को यह सम्मान देते हुए रामदास अठावले ने उनकी प्रशंसा की और कहा कि संसद सत्रों में उनकी सक्रियता देखता हूं। क्षेत्र के मुद्दों सहित राज्य और देश के मुद्दों पर भी मुखरता के साथ संजय सेठ अपनी बातों को रखते हैं।

**अपराध**

### साइबर अपराध की घटना परेशानी का बना सबब

# परिजनों को मामले में फंसाने का दिखा रहे भय

**साइबर अपराधियों का नया तरीका**

**राष्ट्रीय खबर**



**कूडू :** लगातार बढ़ रही साइबर अपराध की घटनाओ से आमजनों की परेशानी में डाल रखा है। उसके बावजूद साइबर अपराधी आये दिन तरह-तरह की तरकीबों से ठगी की घटना को अंजाम देने में जुटे हैं। साइबर ठगी का एक ऐसा मामला सामने आया है जिससे लोगों के माथे पर चिंता की लकीर खींचना लाजिम है। रेप केस में फंसाने का डर दिखाकर माता पिता और अन्य रिश्तेदारों से पैसे की ठगी कर रहे हैं। ताजा मामला कूडू का है जहां साइबर अपराधियों ने कूडू बाजार रोड निवासी संतोष प्रसाद को व्हाट्सअप नंम्बर +923343172154 से फोन कर ये बोल कर डराया कि मैं दिल्ली पुलिस से सब इंस्पेक्टर बोल रहा हूँ, तुम्हारा भांजा चार अन्य युवकों के साथ रेप केस में फंस गया है। अगर पैसा नहीं भेजा तो उसे जेल हो जाएगी।साइबर अपराधियों ने व्हाट्सअप के डीपी में लगा रखी है पुलिस अधिकारी की तस्वीर फोन करने वाले ने किसी को संदेह नही हो इसके लिए अपने व्हाट्सअप के डीपी में एक पुलिस अधिकारी की तस्वीर लगाई हुई है। जिसमे संदीप शर्मा लिखा हुआ था। जल्दी पैसा डालो नही तो तुम्हारे भांजे को जेल भेज दूंगा।साइबर अपराधी ने मामा को फोन कर कहा कि आपका भांजा रेप केस में फंस गया है। और उसका भविष्य और जीवन बचाना है तो जांच अधिकारी को पैसा देना होगा। अभी हमलोग थाना नही ले गए हैं अगर पैसे नहीं मिले तो उसे जेल भेज देंगे।

इस दौरान संतोष साहू ने जब अपने भांजे से बात करने को कहा तो एक रोते हुए व्यक्ति से बात करे गयी जो बुरी तरह रोते हुए बचा लेने की गुहार लगाई। यह सुनकर संतोष साहू घबरा गए उन्होंनें अपने बड़े भांजे धीरज से फोन कर दिल्ली में रह रहे उसके भाई का कुशल क्षेम पूछा तो उसने कॉन्फ्रेंस में बात कराई तो उसने बताया कि वह अपने डेरा में है और सुरक्षित है। जिसके बाद सतर्क हो गए और वह फ्रॉड का शिकार होते होते बच गये। हालांकि बाद में उस नँबर पर लगातार फोन करने पर भी ठग ने फोन नही उठाया। इस तरह की घटनाओं से बचने के लिए सतर्क रहना जरुरी है।

## न्यूज फटाफट

### चाइल्ड आईसीयू व एनबीसीयू का विधायक ने किया उद्घाटन




**पलामू:** अनुमंडलीय अस्पताल हुसैनाबाद में लगातार चिकित्सा व्यवस्था सुद्दढ़ हो रही है। गुरुवार को हुसैनाबाद हरिहरगंज विधायक कमलेश कुमार सिंह ने अनुमंडलीय अस्पताल हुसैनाबाद में बच्चों के लिए आईसीयू व नवजात के लिए एनबीसीयू की सुविधा का उद्घाटन किया। यह सुविधा जिले के सदर अस्पताल के बाद अनुमंडलीय अस्पताल हुसैनाबाद में शुरू की गई है। इस मौके पर विधायक कमलेश कुमार सिंह ने कहा कि उन्होंने पहले ही अनुमंडलीय अस्पताल में आधुनिक कई सेवाएं शुरू कराने का काम किया है। जिसमे सभी तरह की जांच,प्रसव की बेहतर व्यवस्था, ऑक्सीजन प्लांट, हड्डी, दंत आंख आदि का समुचित उपचार के लिए विशेषज्ञ चिकित्सक की भी व्यवस्था की है। उन्होंने कहा कि नवजात व बच्चों के गंभीर बीमार होने पर लोगों को रांची में निजी अस्पतालों का रुख करना पड़ता था। अब उन्हें कहीं जाने की जरूरत नहीं होगी। उन्होंने कहा कि बच्चों के आईसीयू में बच्चों की गंभीर बीमारी दुर्घटना आदि की स्थिति में उन्हें बेहतर उपचार मिल सकेगा। वहीं नवजात स्थिरीकरण इकाई (एनबीएसयू) में तुरंत जन्मे बच्चे जिनका वजन कम होता है या समय पूर्व जन्म होता है, उन्हें बचाने में काफी मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि आने वाले दिनों में सुविधाओं को बढ़ाने व योग्य चिकित्सकों को पदस्थापित कराने के लिए प्रयास किया जा रहा है। मौके पर अनुमण्डल पदाधिकारी आशीष गंगवार ,अनुमंडलीय अस्पताल के उपाधीक्षक डॉ दीपक कुमार सिन्हा, बीपीएम विभूति गुप्ता , डॉ मुकेश कुमार,विधायक प्रतिनिधि अजीत सिंह के अलावा कई चिकित्सक व एनसीपी कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### राँची नगर निगम, राँची के सभागार में नगर स्तरीय अंतर्विभागीय अभिसरण समिति की बैठक

**राँची** :राँची के सभागार में नगर स्तरीय अंतर्विभागीय अभिसरण समिति की बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य रूप से राँची नगर निगम के सहायक लोक स्वास्थ्य पदाधिकारी डॉ. आनन्द शेखर झा, जिला समाज कल्याण विभाग की प्रतिनिधि श्रीमती स्मिता भारती, शहरी कार्यक्रम प्रबंधक कुलभूषण बाड़ा, जिला स्त्री एवं प्रसूति समिति की नामित प्रतिनिधि डॉ. किरण कुमारी, पीएसआई इंडिया के राज्य प्रतिनिधि सुनील कुमार एवं नगर प्रबंधक संतोष कुमार पांडेय, प्रणव कुमार झा, स्विचऑन फाउंडेशन के वरिष्ठ प्रोजेक्ट मैनेजर विवेक गुप्ता, जे.एस.आई.के राज्य समन्वयक केशव कुमार झा उपस्थित मौजूद रहे ।इस मौके पर सहायक लोक स्वास्थ्य पदाधिकारी ने कन्वर्जेंस कमेटी के महत्व को समझाया ताकि शहरी क्षेत्रों के लोगों की स्वास्थ्य सुविधाओं में सुधार किया जा सके और झुग्गियों में रहने वाले लोगों को विभिन्न सुविधाएं प्रदान की जा सकें, जिसमें पेयजल, स्वच्छता, पोषण और स्वास्थ्य सुविधाएं शामिल हैं ।जिले के शहरी कार्यक्रम प्रबंधक कुलभूषण बाड़ा ने कहा कि किसी भी कार्यक्रम को बेहतर ढंग से करने के लिए एक समावेशी दृष्टिकोण और समन्वय की आवश्यकता होती है, ताकि हम शहरी क्षेत्रों की झुग्गियों में रहने वाले गरीबों के उत्थान के बारे में सोच सकें और इस बैठक के आयोजन के लिए पीएसआई इंडिया के प्रतिनिधि को धन्यवाद दिया ।कार्यक्रम के दौरान पी.एस.आई. इंडिया के राज्य कार्यालय से आये सुनील कुमार ने प्रेजेंटेशन के माध्यम से शहरी स्वास्थ्य किस स्थिति के बारे में अवगत कराया एवं कोर वर्किंग समिति गठित करने और समुदाय स्तर पर विभिन्न विभाग के वालंटियर को प्रत्येक कार्यक्रम की जानकारी का ओरिएंटेशन दिए जाने पर बल दिया।

# मतदाता दिवस लोकतंत्र में प्रत्येक वोट के महत्व दिलाता है याद :दीपक गुप्ता



**राष्ट्रीय खबर**

**रांची**:आज समाजसेवी दीपक गुप्ता के नेतृत्व में युवाओं के बीच राष्टीय मतदाता दिवस मनाने में देश के साथ शामिल हुआ ।इस वर्ष राष्टीय मतदाता दिवस उत्सव के लिए चुनी गई थीम वोटिंग जैसा कुछ नहीं, मैं निश्चित रूप से वोट करता हूं (वोट जैसा कुछ नहीं, वोट जरूर डालेंगे हम) है, जो एक व्यक्ति द्वारा डाले गए प्रत्येक वोट की अद्वितीय शक्ति और प्रभाव पर जोर देती है ।समाजसेवी दीपक गुप्ता ने उत्सव के उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए कहा कि युवाओं को चुनावी प्रक्रिया में भाग लेने और मतदान के अधिकार का प्रयोग करने के महत्व के बारे में

# 14वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर प्रभात फेरी का आयोजन



**राष्ट्रीय खबर**

**रांची:** संत जेवियर्स महाविद्यालय,रांची के इलेक्टोरल लिट्रेसी क्लब द्वारा 14वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर दिनांक 25 जनवरी, 2024 को प्रातः 8 बजे प्रभात फेरी का आयोजन किया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य फादर डॉ. नाबोर लकड़ा के द्वारा इस प्रभात फेरी को गुब्बारे को उन्मुक्त गगन में उड़ा कर प्रारंभ किया गया, जो महाविद्यालय प्रांगण से डंगरा टोली चौक होते हुए वापस महाविद्यालय परिसर वापस लौटा। इस प्रभात फेरी का लक्ष्य भारतीय लोकतंत्र के सुद्दढ़ीकरण हेतु मतदाताओं को उनके मताधिकार के प्रति जागृत करना था।

**कौन गढ़ेगा देश को मेरा वोट मेरा वोट, कौन बदलेगा देश को मेरा वोट मेरा वोट**

जैसे नारों से छात्रों ने क्लब के माध्यम से लोगों को मताधिकार के प्रति जागरूक रहने तथा चुनाव में स्वतंत्र, निष्पक्ष भागीदारी निभाने की अपील की। महाविद्यालय के प्राचार्य द्वारा छात्रों को संबोधित करते हुए कहा गया कि लोकतंत्र में निर्वाचन की अहम भूमिका है, यह लोकतंत्र की रीढ़ है। अपने मताधिकार का प्रयोग सोंच समझकर, निर्भिक होकर, किसी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना, योग्य को चुनने हेतु करना है। तभी लोकतंत्र सुद्दढ़ एवं समृद्ध रहेगा। प्रभात फेरी के पश्चात महाविद्यालय प्रांगण में मतदात प्रतिज्ञा की कराई गयी। इस कार्यक्रम में इलेक्टोरल लिट्रेसी क्लब के अध्यक्ष प्रो. बी. के. सिन्हा और नोडल ऑफिसर डॉ. आशुतोष पाण्डेय समेत महाविद्यालय के उपप्राचार्य डॉ फादर रार्बट प्रदीप कुजुर , महाविद्यालय के उपप्राचार्य डॉ. फादर अजय मिंज, महाविद्यालय के रजिस्ट्रार फादर डॉ. प्रभात केनेडी सोरेंग, राजनीति विज्ञान विभाग के प्राध्यापक डॉ. विजय कुमार शर्मा, प्रो. सौम्या मा. सिन्हा, डॉ. श्रेया पांडेय, प्रो. उत्कर्ष उन्नयन भी सम्मिलित थे। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के एवं राजनीति विज्ञान विभाग के लगभग 300 छात्रों ने सक्रियता से अपनी भागीदारी निभाई।

# स्वामी दिव्यानंद महाराज ने अयोध्या में माधव कंदली स्मारक अभिनंदन पत्रिका 'अयोध्या' का किया विमोचन

**राष्ट्रीय खबर**



**रांची:** विश्व हिंदू महासंघ के राष्ट्रीय धमार्चार्य स्वामी दिव्यानंद महाराज के द्वारा गुवाहाटी की अग्रणी शैक्षणिक ट्रस्ट संस्था लुइत- विश्व हिंदू महासंघ की असम शाखा के सहयोग से ट्रस्ट द्वारा प्रकाशित एवं प्रसारित स्मृति अभिनंदन पत्रिका 'अयोध्या' (हिंदी संस्करण) का उद्घाटन जिस्ट कम्युनिकेशन एजुकेशनल ट्रस्ट द्वारा आयोजित कार्यक्रम में पत्रिका का विमोचन किया गया, पत्रिका का संपादन राजीव हरि कौशिक, एक नृवंशविज्ञानी, वृत्तचित्र निदेशक और पत्रिका के प्रधान संपादक द्वारा किया गया था। उद्घाटन समारोह का संचालन विश्व हिंदू महासंघ के असम क्षेत्रीय सचिव डेनियल शास्त्री ने किया। मधुमिता दास सहित असम का प्रतिनिधित्व करने वाले संघ के सदस्यों ने सहयोग किया है।

700 साल पुरानी असमिया सप्तकंद रामायण चौदहवीं शताब्दी में अचूक कवि माधव कंडाली द्वारा लिखी गई थी। इस कार्यक्रम में विहिप असम प्रदेश प्रभारी भागवी लीमा मोहंता, डॉ. मुकुट कलिता, मनोहर गोगोई, प्रोफेसर ज्योति हजारिका, नीलाक्षी चक्रवर्ती और मैना शर्मा उपस्थित थे। डॉक्यूमेंट्री का निर्देशन राजीव हरि कौशिक द्वारा किया जा रहा है और सलाहकार समिति के सलाहकार, सामाजिक, सांस्कृतिक, खेल और धार्मिक कार्यक्रमों के आयोजक और गुवाहाटी के इंजीनियर कैलास शर्मा ने कहा कि उत्पादन कार्य सफलतापूर्वक पूरा हो गया है आज सुबह शर्त लगाने के लिए , प्रभु वह श्री राम के चरणों में पुष्प अर्पित करते हैं।

### आर्यभट्ट सभागार में राज्य स्तरीय कार्यक्रम आयोजित

**रांची**: पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत राज्य स्तरीय मतदाता दिवस कार्यक्रम का आयोजन रांची विश्वविद्यालय के आर्यभट्ट सभागार में आयोजित हुआ। आयोजन में मुख्य अतिथि के रूप में महामहिम राज्यपाल श्री सीपी राधाकृष्णन उपस्थित रहे। उन्होंने ह्रराष्ट्रीय मतदाता दिवसह्न कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि लोकतंत्र में मतदाता के लिए मताधिकार सशक्त हथियार है। लोगों को जाति, धर्म, संप्रदाय एवं प्रलोभन से ऊपर उठकर अपने मताधिकार का प्रयोग करना चाहिए। इससे लोकतंत्र सुद्दढ़ होगा। सुद्दढ एवं सशक्त लोकतंत्र के लिए भारत निर्वाचन आयोग अपने स्थापना काल से ही सतत प्रत्यनशील है एवं मतदाताओं को जागरूक करने के लिए निरंतर कार्य किया जा रहा है। निर्वाचन आयोग द्वारा इस वर्ष का थीम रखा गया है- ह्रवोट जैसा कुछ नहीं, वोट जरूर डालेंगे हमह्न। उन्होंने कहा कि इस थीम को सफल बनाने के लिए अधिक से अधिक संख्या में मतदान करें एवं मतदान के लिए लोगों को प्रेरित भी करें।

# पूर्व विधायक योगेंद्र महतो बने राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष

**राष्ट्रीय खबर**

**कसमार :** गोमिया के पूर्व विधायक? योगेंद्र महतो को झारखंड राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग का अध्यक्ष बनाये जाने पर कसमार, पेटरवार, गोमिया प्रखंड समेत जिले भर के कार्यकताओं एवं शुभचिंतकों ने बधाई दी है। बता दें कि इससे पूर्व श्री महतो झारखंड राज्य समन्वय समिति के सदस्य थे। पिछले मंत्री मंडल कैबिनेट की बैठक में यह निर्णय लिया गया। अध्यक्ष बनाये जाने पर मुरहबंदा स्थित आवास पंहुचे और गुलदस्ता भेंट कर बधाई दी। इस दौरान उन्होंने कहा कि पिछड़े वर्गों का आरक्षण तय करना सबसे प्रमुख एजेंडा में से एक होगा। ओबीसी आरक्षण समस्या को लेकर राज्य में निकाय चुनाव समेत अन्य कार्य बाधित है जिसे सभी से राय परामर्श से दूर करना है। बधाई देने पंहुचने वाले में कसमार प्रखंड प्रमुख सह वरिष्ठ झामुमो नेत्री नियोति कुमारी, सिकंदर कपरदार, कसमार प्रखंड बींस सूत्री अध्यक्ष दिलीप हेंब्रम, सोहेल अंसारी, मो शेरे आलम, पेटरवार प्रखंड 20 सूत्री अध्यक्ष मुकेश कुमार महतो, प्रकाश महतो, संजू देवी आदि शामिल हैं।



गणतंत्र दिवस के पावन अवसर पर लोहरदगा पुलिस समस्त लोहरदगा वासियों को हार्दिक शुभकामनाएं देता है।

'भटके हुए लोग मुख्यधारा से जुड़कर विकास में भागीदारी निभाएं'

'हिंसा का दामन छोड़कर मुख्यधारा में लौटे नक्सली'

'संगीनों के साये में कब तक जिंदगी जियेंगे हम

हमें भी पढ़ने लिखने और आम जिंदगी जिने का हक है'



अपील

लोहरदगा पुलिस अपने सभी भाईयों, बहनों एवं साथियों का गणतंत्र दिवस पर अभिनन्दन करती है। अपील करती है कि आप खनिज संपदा से परिपूर्ण लोहरदगा की माटी पर नक्सलियों द्वारा किए जा रहे खूनी तांडव का विरोध करें। पुलिस प्रशासन का सहयोग करें, अपने बच्चों को शिक्षित करें एवं भयमुक्त समाज के निर्माण में मदद करें। पुलिसकर्मी बिना कोई छुट्टी लिए लगातार आम जनता की सुरक्षा एवं विधि व्यवस्था के संधारण के लिए पर्व, त्योहारों एवं विपरीत परिस्थितियों में भी कर्तव्य स्थल पर तैनात रहते हैं। राज्य सरकार की नई आत्मसमर्पण नीति का फायदा उठाकर नक्सली हथियार छोड़कर मुख्य धारा में शामिल हो और एक बेहतर जिंदगी जिए। लोहरदगा पुलिस आपके हर सुख दुख का साथी है।

हारिस बिन जमाँ

पुलिस अधीक्षक
लोहरदगा।

शहर >> अपडेट

## रेलवे ट्रैक के पास पुलिस को मिला शव

**पुनपुन :** पुनपुन थाना को रेलवे ट्रैक के पास एक अज्ञात युवक का शव मिला। पटना-गया रेल खंड के जट डुमरी जंक्शन और पुनपुन स्टेशन के बीच 35 वर्षीय युवक का शव बरामद किया गया। शव रेलवे ट्रैक के किनारे था। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। पुनपुन थाना प्रभारी सीतू कुमारी ने बताई कि मृतक की पहचान नहीं हो सकी है। उसके पास ऐसी कोई भी पहचान पत्र नहीं मिला जिससे उसकी पहचान हो सके ऐसी आशंका है कि किसी ट्रेन से गिरकर उसकी मौत हुई है। पुलिस जांच में जुटी हुई है।

# गणतंत्र दिवस पर वीर कुंवर सिंह की नगरी भोजपुर में आज आन-बान शान से लहराएगा

## वीर कुंवर सिंह किला पर सुबह 8:20 बजे होगा झंडोत्तोलन

**अनुमंडल प्रशासन की ओर से मिनट टू मिनट कार्यक्रम की रूपरेखा तय**

**सफाई और सड़कों पर रंग रोगन का दायित्व नगर प्रशासन को**

**केमिकल अली**



**जगदीशपुर/भोजपुर:** गणतंत्र दिवस पर बाबू कुंवर सिंह की ऐतिहासिक नगरी जगदीशपुर में आज शुक्रवार को आन-बान और शान के साथ तिरंगा झंडा फहराए जाएगा। झंडोत्तोलन को लेकर मिनट टू मिनट कार्यक्रम की रूपरेखा तय की गई है। मुख्य कार्यक्रम स्थल वीर कुंवर सिंह किला पर पूर्वाहन 8:20 बजे एसडीएम संजीत कुमार द्वारा झंडोत्तोलन कर तिरंगे ध्वज को सलामी दिया जाएगा। इसके बाद अन्य सरकारी स्थानों पर झंडोत्तोलन का कार्यक्रम होगा। सुबह 7 बजे से प्रभात फेरी निकाली जाएगी। बाबू वीर कुंवर सिंह किला से प्रभात फेरी को रवाना किया जाएगा। इसको लेकर अनुमंडल, प्रखंड सह अंचल व नगर प्रशासन द्वारा तैयारी पूरी कर ली गई हैं। अनुमंडल कार्यालय में एसडीएम तिरंगे ध्वज को सलामी देंगे। प्रखंड कार्यालय में प्रखंड प्रमुख कविता कुमारी झंडोत्तोलन करेंगी। नगर पंचायत,कार्यालय में मुख्य पार्षद संतोष कुमार यादव झंडोत्तोलन कर तिरंगे को सलामी देंगे। अनुमंडलीय व्यवहार न्यायालय, अधिवक्ता संघ कार्यालय, राजकीय पशु चिकित्सालय, चकबंदी कार्यालय ,अवर निबंधन कार्यालय ,अंचल पुलिस निरीक्षक कार्यालय ,जगदीशपुर थाना अनुमंडलीय अस्पताल और रेफरल अस्पताल में संबंधित प्रशासनिक अफसर झंडोत्तोलन कर तिरंगे ध्वज को सलामी देंगे। इसको लेकर गणमान्य व्यक्तियों और जनप्रतिनिधियों को आमंत्रण दिया गया है। साथ ही, नगर में साफ-सफाई और सड़कों पर रंग रोगन का दायित्व नगर प्रशासन को सौंपा गया है। जगदीशपुर नगर स्थित स्वारथ साहू उच्च विद्यालय के खेल मैदान में आज दोपहर को शाहाबाद हीरोज आरा बनाम बक्सर के बीच फाइनल फुटबॉल का मैच खेला जाएगा। आयोजन समिति के सुनील कुमार पांडा और नायक सिंह ने बताया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी गणतंत्र दिवस के अवसर पर फुटबॉल मैच का आयोजन किया गया है। इसमें स्थानीय जनप्रतिनिधि प्रशासनिक अधिकारी सहित कई गणमान्य लोग शामिल होंगे। वही गुरुवार को बाजारों में चहल-पहल देखने को मिला।

न्यूज फटाफट

## कटिहार लोकसभा आम निर्वाचन 2024 में 75 प्रतिशत मतदान का लक्ष्य निर्धारित : डीएम



**राष्टीय खबर**

**कटिहार :** जिला में 25 जनवरी निबंध सह परामर्श केंद्र में आयोजित 14 वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर जिला निर्वाचन अधिकारी सह जिलाधिकारी रवि प्रकाश ने कहा कि आगामी लोक सभा आम निर्वाचन 2024 के अवसर पर 75 प्रतिशत मतदान का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। वहीं जिलाधिकारी रवि प्रकाश ने बताया कि निर्वाचन आयोग की स्थापना दिवस के रूप में प्रत्येक वर्ष 25 जनवरी को राष्ट्रीय मतदाता दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस अवसर पर जिला के सभी मतदान केन्द्र भवनों व प्रखंड मुख्यालय अनुमंडल मुख्यालय एवं जिला मुख्यालय में आज 14 वां राष्ट्रीय मतदाता दिवस समारोह का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी ने बताया कि निर्वाचन आयोग का मुख्य उद्देश्य निर्वाचन सूची में निर्वाचकों के पंजीकरण में वृद्धि लाना मतदाताओं को निर्वाचन प्रक्रिया में प्रभावी भागीदारी सुनिश्चित करना एवं निर्वाचन को समावेशी सुगम व सहभागिता पूर्ण बनाना है। महिला मतदाताओं की जागरूकता के वजह से कटिहार जिला में 68.71 प्रतिशत महिला मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया गया था, जो काफी गौरव की बात है।

## जिलाधिकारी की अध्यक्षता में जिला पर्यावरण समिति की बैठक का आयोजन किया गया

**जहानाबाद !** जिलाधिकारी रिची पाण्डेय की अध्यक्षता में जिला गंगा सुरक्षा समिति एवम् जिला पर्यावरण समिति की समीक्षात्मक बैठक का आयोजन किया गया। सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट, स्ट्रौर्म वाटर ड्रेनेज मैप, नदी तटों पर अतिक्रमण, बायोमेडिकल वेस्ट, सिंगल यूज प्लास्टिक खुले में शौच से मुक्त, नदियों में अवैध खनन इत्यादि से संबंधित विषयों पर चर्चा की गयी। नगर परिषद क्षेत्र के ड्रेनेज मैप पर परिचर्चा किया गया। बताया गया कि नगर विकास एवं आवास विभाग द्वारा आत्मनिर्भर बिहार के साथ निश्चय 2 के अंतर्गत जहानाबाद नगर परिषद क्षेत्र से जल निकासी के लिए स्टॉर्म वॉटर ड्रेनेज सिस्टम योजना को स्वीकृति प्रदान करते हुए कार्यकारी एजेंसी के रूप में राज्य सरकार के उपक्रम बुडको को नामित किया गया है। इस स्टॉर्म वॉटर ड्रेनेज सिस्टम योजना का मुख्य उद्देश्य जहानाबाद नगर परिषद क्षेत्र में जल निकासी का विस्तृत प्रबंध करना है, जिससे जहानाबाद नगर परिषद में जल जमाव की समस्या का समाधान किया जा सकेगा। बैठक में उपस्थित कार्यपालक पदाधिकारी नगर क्षेत्र के द्वारा बताया गया कि सिंगल यूज प्लास्टिक की छापेमारी कर 250 किलो ग्राम जब्त किया गया है तथा 12500/- रूपए का जुमार्ना वसूला किया गया है। जिलाधिकारी द्वारा सिंगल यूजर प्लास्टिक के स्पलायर पर कड़ी कार्रवाई करने का निदेश दिया गया। बायो मेडिकल कचरा एवं उससे संबंधित हानिकारक सामग्रियों को चयनित एजेंसी द्वारा नियमित रूप से सेगरीगेट करके डिस्पोज करने का निदेश सिविल सर्जन एवं डी.पी.एम. स्वास्थ्य को दिया गया है। डी.पी.एम स्वास्थ्य ने बताया कि नर्सिंग होम द्वारा नियमित रूप से बायो मेडिकल कचरा एजेंसी के माध्यम से उठाया जा रहा है। नियमों का उल्लंघन करने वाले नर्सिंग होम पर कड़ी कार्रवाई करने का निदेश दिया गया।

सिटी

## पंचदेवरी बीडीओ और सीओ ने मतदाताओं को दिलाई शपथ , मतदान में शत प्रतिशत भाग लेने की अपील !!

परिसर में मतदाताओं को शपथ दिलाते बीडीओ और सीओ

**पंचदेवरी :** स्थानीय प्रखंड के प्रखंड परिसर में विश्व मतदाता दिवस के अवसर पर पंचदेवरी बीडीओ राहुल रंजन और सीओ आदित्य शंकर ने मतदाताओं को शत प्रतिशत मतदान करने के लिए शपथ दिलाई गई । पंचदेवरी बीडीओ राहुल रंजन ने बताया कि मतदाताओं में जन जागरूकता लाने के लिए सरकार के द्वारा अनेक कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं ताकि मतदाताओं को जागरूक किया जा सके तथा मतदान का प्रतिशत शत प्रतिशत हो , वहीं सीओ आदित्य शंकर ने सभी मतदाताओं से शत प्रतिशत मतदान करने की अपील की । पंचदेवरी सीओ आदित्य शंकर करने बताया कि फर्जी वोटरों को हटाकर नए मतदाता सूची में कम संख्या होने से मतदान का प्रतिशत बढ़ेगा और लोगों में जागरूकता बढ़ा है । मौके पर प्रखंड नाजिर बीरेश प्रसाद , अंचल नाजिर मनोज कुमार यादव , अनूप मिश्रा शुभम , रुस्तम अंसारी , अवधेश कुमार , हरिद्वार तिवारी सहित तमाम कर्मी तथा मतदाता मौजूद थे !!

## व्यापार मंडल के पूर्व अध्यक्ष के निधन पर लोगों में शोक की लहर



**सासाराम (रोहतास) :** सासाराम व्यापार मंडल के पूर्व अध्यक्ष एवं संरक्षक विश्वनाथ प्रसाद केसरी के निधन पर शोक की लहर दौड़ गई। जिनके निधन से व्यावसायिक समाज के लोगों ने गहरा दुःखद व्यक्त किया है। वही मौत की खबर सुनते ही सभी व्यावसायिक सहित समाज के लोगो में शोक का लहर दौड़ गई है। इस दुःख की घड़ी में सासाराम व्यापार मंडल के वर्तमान अध्यक्ष की अध्यक्षता में कार्यकरणी मण्डल के द्वारा एक शोक सभा का आयोजन किया गया। जिसमें 2 मिनट का मौन धारण कर उनके दिवंगत आत्मा के शांति हेतु ईश्वर से प्रार्थना किया गया। जिस शोक सभा में अध्यक्ष अमित कुमार, आर्या, महामंत्री सरदार हरमीत सिंह, वीरेंद्र प्रसाद साहू, अशोक प्रसाद साहू, विशाल केशरी, मयंक केशरी, पंकज सोनी, सरदार मंजीत सिंह, बृजकिशोर कश्यप, ददन सिंह, उपेंद्र कुमार सहित सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

## राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर मतदाताओं ने मतदान करने का लिया संकल्प

**अनुमंडल कार्यालय समेत सभी मतदान केन्द्रों पर दिलाई गई शपथ**

**राष्ट्रीय खबर**



**जगदीशपुर/भोजपुर :** राष्ट्रीय मतदाता दिवस गुरुवार को अनुमंडल क्षेत्र के 530 मतदान केन्द्रों पर पूरी तैयारी के साथ मनायी गयी। इस दौरान जगदीशपुर अनुमंडल कार्यालय, प्रखंड कार्यालय, बिहिया और शाहपुर प्रखंड कार्यालय के कर्मियों के साथ बीएलओ को शपथ दिलाया गया। शपथ के दौरान वोट जैसा कुछ नहीं, हम जरूर डालेंगे वोट का संकल्प लिया गया। एसडीएम संजीत कुमार, अवर निर्वाचन पदाधिकारी तौकिर किब्रिया, बीडीओ राजेश कुमार, बीपीआरओ सह नपं के प्रभारी कार्यपालक पदाधिकारी अरुण कुमार व सीओ अजय कुमार द्वारा संकल्प पत्र को कर्मियों और मतदाताओं को पढ़वाकर मतदान के महत्व को समझाया गया। अवर निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया कि सभी मतदान केंद्र और कार्यालय के कर्मियों को मतदाता दिवस पर शपथ दिलाया गया। इस दौरान बेहतर कार्य करने वाले बीएलओ और कर्मियों को हौसला बढ़ाया गया।

## डी.एम की अध्यक्षता में राष्ट्रीय मतदाता दिवस का दीप प्रज्जवलित कर उद्घाटन किया गया

**जहानाबाद !** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिलाधिकारी रिची पाण्डेय की अध्यक्षता में 14वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस, 2024 का दीप प्रज्जवलित कर उद्घाटन किया गया। इसके साथ ही निर्वाचन कार्य में उत्कृष्ट कार्य करने वाले पदाधिकारियों, कर्मियों एवं बी.एल.ओ. को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया तथा लोकतंत्र में अपनी स्वच्छ भागीदारी के लिए शपथ दिलाया गया। जिलाधिकारी ने सर्व प्रथम कार्यक्रम में उपस्थित पदाधिकारियों, कर्मियों, बी.एल.ओ. सहित जिला वासियों को 14वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस, 2024 की शुभकामना दिया। उन्होंने बताया कि 25 जनवरी 2011 को प्रथम राष्ट्रिय मतदाता दिवस मनाया गया था। प्रत्येक वर्ष 25 जनवरी को राष्ट्रिय मतदाता दिवस का आयोजन किया जाता है। जिला स्तर के साथ साथ राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर सभी निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी स्तर पर तथा सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी स्तर पर समारोह का आयोजन किया गया है। राष्ट्रीय मतदाता दिवस के आयोजन का मुख्य उद्देश्य मतदाताओं को जागरूक करना। योग्य नागरिको का निर्वाचक सूची में निबंधन करना है। इससे मतदान प्रतिशत में वृद्धि करना है। राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर मुख्य निर्वाचन आयुक्त राजीव कुमार के संदेश का प्रसारण कार्यक्रम में किया गया है। जिलाधिकारी ने 14वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर अपने संबोधन में बताया कि सभी विधान सभा निर्वाचन क्षेत्रों में मतदाताओं को जागरूक करने के लिए मतदाता जागरूकता रथ निकाला गया है। कही-कहीं अभी भी मतदाता मतदान करने नहीं जाते हैं। इसके लिए मतदान केन्द्रवार मतदाता जागरूकता हेतु रणनीति तैयार की जा रहा है। जिस मतदान केन्द्र का मतदान प्रतिशत कम होगा, वहां अभियान चला कर मतदाताओं को जागरूक किया जाएगा। स्वीप गतिविधियों के माध्यम से प्रचार-प्रसार करते हुए मतदाताओं को अपने अधिकार को समझा कर मतदान शत प्रतिशत में वृद्धि की जाएगी। उन्होंने बताया कि आगामी लोक सभा निर्वाचन गर्मी के दिनों में पड़ेगा। जिसके लिए मतदान केन्द्रों पर शेड की व्यवस्था की जाएगी, वृद्धजनों को बैठने, पानी की व्यवस्था की जाएगी। इसके साथ ही गर्मी रहने के कारण सुबह में मतदाताओं की संख्या काफी होगी।

## कपूरी ठाकुर के जन्मशताब्दी समारोह बलरामपुर विधानसभा के जदयू कार्यकताओं ने बनाया सफल : रौशन अग्रवाल

**कटिहार।** जदयू शिक्षा प्रकोष्ठ के प्रदेश महासचिव रौशन अग्रवाल ने जननायक कपूरी ठाकुर जन्म शताब्दी समारोह की ऐतिहासिक सफलता एवं इस कड़ाके की ठंड में कार्यक्रम में सम्मलित होने के लिए बलरामपुर विधान सभा जदयू कार्यकताओं का आभार जताया। बलरामपुर विधानसभा से आये हुए सभी जदयू परिवार के साथियों को दिल से धन्यवाद दिया।जिन्होंने कडाके की ठंड होने के बावजूद 400 किलोमीटर की दूरी को भी कुछ ना समझते हुए, पटना आकर कार्यक्रम को सफल बनाने में अपनी सहभागिता दी। उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम की सफलता राज्य भर के कार्यकताओं की मेहनत का परिणाम है। बीते एक महीने से पार्टी के तमाम राज्य भर के कार्यकर्ता और नेतागण जननायक जन्म कपूरी ठाकुर की जन्मशताब्दी समारोह को सफल बनाने के लिए पूरे तन मन धन से जुटे हुए थे। श्री रौशन अग्रवाल ने कहा कि जननायक के प्रति श्रद्धा और अपने नेता श्री नीतीश कुमार जी के प्रति प्यार, साफ साफ पटना के सड़कों पर झलक रहा था।आदरणीय नेता नीतीश कुमार की प्रति लगाव रखने वाले प्रदेश के कोने-कोने से कई लाख की संख्या में लोग पटना पहुंचे थे। कड़ाके की ठंड भी कम पर गई। जदयू परिवार के साथियों के आगे,इतनी भीषण ठंड के बावजूद भी बड़ी संख्या में जनता का पटना पहुचना अपने नीतीश कुमार के प्रति उनकी अटूट श्रद्धा को प्रमाणित करता है। रोशन अग्रवाल ने कहा जननायक कपूरी ठाकुर के सपनों को हमारे नेता ने सरकार किया है। उनके विचारों को आदर्श मानकर शोषित और वंचित समाज के उत्थान में हमारे नेता दिन-रात लगे हुए हैं।

## मटियरिया थाना क्षेत्र में लूट व हत्या काण्ड का बेतिया एसपी डी अमरकेश ने किया उद्भेदन

**अवैध कट्टा समेत 3 गिरफ्तार हत्या में प्रयुक्त हथियार बरामद**

**राष्ट्रीय खबर**



**बेतिया :** पश्चिम चम्पारण जिला के बेतिया पुलिस अंतर्गत मटियरिया थाना क्षेत्र के दोन केनाल छतवनिया पुल के पास से अज्ञात लुटेरों ने हथियार के बल पर सीएसपी संचालक से बाइक लूट लिया। इस संदर्भ में पीड़ित के आवेदन पर अज्ञात के विरूद्ध मटियरिया थाना कांड संख्या- 04/2024, दिनांक-16 जनवरी 2024, धारा-392 भादवि दर्ज कर कार्रवाई की गई। इसी क्रम में दिनांक-18 जनवरी 2024 को मटियरिया थानान्तर्गत लछनौता में शिक्षक लालबाबु सिंह की हत्या गोली मारकर कर दी गई। इस संदर्भ में मटियरिया थाना कांड संख्या-05/2024, दिनांक-19 जनवरी 2024, धारा-302/120बी/34 भादवि एवं 27 आर्म्स एक्ट दर्ज किया गया। उपर्युक्त दोनों कांडों के सफल उद्भेदन एवं अभियुक्तों की गिरफ्तारी को एक विशेष टीम का गठन किया गया। गठित टीम के द्वारा तकनीकी एवं मैनुअल अनुसंधान के क्रम में दिनांक- 24.01.2024 को छापेमारी कर आविद अंसारी, उम्र 50 वर्ष, पिता-सुभान अंसारी, लछनौता, थाना -मटियरिया, जिला-पश्चिम चम्पारण, बेतिया को 01 देशी बन्दुक एवं 05 जिन्दा कारतुस के साथ गिरफ्तार किया गया। पुछताछ के क्रम में इनके निशानदेही पर छापामारी कर अजीबुल्लाह अंसारी, उम्र-48 वर्ष, पिता-मेहदी हसन, लछनौता, थाना-मटियरिया, जिला-पश्चिम चम्पारण, बेतिया को उनके घर से 05 जिन्दा कारतुस के साथ गिरफ्तार किया गया। इस संदर्भ में मटियरिया थाना कांड संख्या-07/2024, दिनांक-24 जनवरी 2024, धारा-25 (1-बी) ए/26/35 आर्म्स एक्ट दर्ज किया गया। गिरफ्तार अयुब अंसारी ने सीएसपी संचालक से लूट एवं शिक्षक की हत्या में अपनी संलिप्तता स्वीकार किया है। गिरफ्तार अपराधकर्मियों के विरूद्ध अग्रतर कार्रवाई की जा रही है। छापामारी दल में जयप्रकाश सिंह, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, नरकटियागंज, पुनि मुनीर आलम, अंचल पुलिस निरीक्षक, शिकारपुर अंचल, पुनि अमित कुमार, थानाध्यक्ष, मटियरिया थाना, पुनि विनोद कुमार सहित पुलिस बल के जवान शामिल रहे।

## संदिग्ध स्थिति में मिला युवक का शव, पत्नी पर हत्या का आरोप

**नालंदा थाना के कुल गांव का मामला**

**राष्ट्रीय खबर**



**बिहारशरीफ :** नालंदा जिले के नालंदा थाना क्षेत्र के कुल गांव से गुरूवार की सुबह घर से एक युवक का शव संदिग्ध स्थिति में मिला है। मृतक की पहचान कुल गांव निवासी नागेंद्र राम के करीब चालीस वर्षीय पुत्र मुन्ना राम के रूप में की गयी है। घटना के संबंध में परिजनों ने मुन्ना राम की हत्या का आरोप उसकी पत्नी पर लगाया है। मुन्ना राम देर संध्या तक ठीकठाक था। लेकिन गुरूवार की सुबह पता चला कि उसकी मौत हो गयी है। घर में ही उसका शव मिला। जिसके बाद पुलिस को सूचना दी गयी। परिजनों ने बताया कि मुन्ना राम की पत्नी तीन बच्चों को छोड़कर छह माह पहले ही गांव के एक युवक के साथ फरार हो गयी थी। पत्नी का चाल चलन ठीक नहीं था। लेकिन जब दबाव बनाया गया तो उसकी पत्नी डेढ़ माह पूर्व घर वापस आयी थी और पति- पत्नी के बाद हमेशा विवाद होते रहता था। इधर, नालंदा थानाध्यक्ष दिनेश कुमार सिंह ने बताया कि मृतक की पत्नी को हिरासत में लेकर पूछताछ की गयी है। जल्द ही मामले का खुलासा कर दिया जायेगा। उन्होंने बताया कि शव को सदर अस्पताल में पोस्टमार्टम कराकर दाह संस्कार के लिये परिजनों को सौंप दिया गया है. पूरे मामले की तफ्तीश शुरू कर दी गयी है।

## दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष के नेतृत्व में जदयू पार्टी का विस्तार

**दिल्ली।** दिल्ली प्रदेश के सात जंतर- मंतर के पास स्थित जनता दल यूनाइटेड के कार्यालय में दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष शैलेंद्र कुमार के कुशल नेतृत्व में एवं जदयू के पुराने नेता जनाब इम्तियाज अली की अगुवाई में सीलमपुर विधानसभा के कई साथियों ने जदयू पार्टी की प्राथमिक सदस्यता ग्रहण किया। और उन लोगों ने दिल्ली प्रदेश में जदयू पार्टी को और मजबूत करने का संकल्प लिए।

## पपीता में गौढ़ापर के वीर अभिमन्यु ने प्राप्त किया प्रथम स्थान

**राष्ट्रीय खबर**

**बिहारशरीफ।** राजगीर में लगे मकर मेला में 15 जनवरी को कृषि प्रदर्शनी लगाई गई थी। इसमें जिले के 79 किसान शामिल हुए। बेहतर उत्पादन के आधार पर विभिन्न प्रखंडों के 30 किसानों को पुरस्कृत किया गया। साथ ही नगद इनाम भी मिलेगा । पपीता की प्रदर्शनी में चंडी प्रखंड के गौढ़ापर के वीर अभिमन्यु सिंह ने प्रथम स्थान प्राप्त किया है तो वहीं आलू में तिलैया राजगीर की अमृता कुमारी ने बाजी मारी। इन्हें पहला पुरस्कार दिया गया । फूलगोभी, हरी मिर्च, शिमला मिर्च, बैंगन, पत्ता गोभी, फूलगोभी, मूली, टमाटर समेत कुल 10 उत्पादों की प्रदर्शनी में बेहतर उत्पादन के आधार पर 30 किसानों का चयन किया गया है। इन्हें पहले द्वितीय और तृतीय पुरस्कार से नवाजा गया है। पहला पुरस्कार पाने वाले को 750 रुपया, द्वितीय को 500 तो तृतीय स्थान पर रहने वाले को 250 रुपया का नगद इनाम भी मिलेगा ।ज्यूरी कमेटी में जिला उद्यान पदाधिकारी राकेश कुमार, पौधा संरक्षण के सहायक निदेशक संतोष कुमार और राजगीर के अनुमंडल कृषि पदाधिकारी राजेश कुमार शामिल हैं। जबकि प्रदर्शनी के पर्यवेक्षक पदाधिकारी आत्मा के उप परियोजना पदाधिकारी अविनाश कुमार बनाए गए थे। वे बताते हैं की नगद इनाम किसानों के खाते में डीबीटी के माध्यम से जल्द भेज दिया जाएगा। कृषि प्रदर्शनी में प्रज्ञा कृषक हित समूह तिलैया के पांच किसानों ने पुरस्कार पाये राजगीर मकर मेला में आयोजित प्रदर्शनी में तिलैया के प्रज्ञा कृषक हित समूह के पांच किसानों ने पुरस्कार प्राप्त किया इनमें आलू में अमृता कुमारी ने प्रथम स्थान प्राप्त की वहीं विष्णुदेव प्रसाद द्वितीय स्थान प्राप्त किया। मूली में अमृता कुमारी द्वितीय स्थान हासिल की जबकि पपीता में रिंकी कुमारी को तृतीय पुरस्कार मिला। पपीता में प्रथम पुरस्कार प्राप्त गौढ़ापर निवासी सह प्रज्ञा कृषक हित समूह तिलैया के अध्यक्ष वीर अभिमन्यु सिंह ने बताया कि आत्मा से जुड़कर किसान समूह के माध्यम से उन्नत खेती कर रहे हैं। इस तरह की प्रतियोगिता प्रदर्शनी से किसानों में खेती के प्रति रुचि बढ़ेगी। बीटीएम मनोज कुमार ने कहा कि कृषि विभाग के आत्मा और उद्यान से जुड़कर कृषक खेती की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ लें और उन्नत कृषि की ओर अग्रसर हों। मकर मेला राजगीर 2024 कृषि प्रदर्शनी में भाग लेकर पुरस्कार प्राप्त करने वाले कृषकों की सूची।



गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं



## सावित्री दास
बाल विकास परियोजना पदाधिकारी
बगहा–2

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं



## रामाशंकर कुशवाहा
जिला पार्षद सदस्य
ठकराहा

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं




## कृष्णमुरारी तिवारी
समाज सेवी
जगीरहा ठकराहा

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं



## डॉ. कृष्ण मोहन राय
सुनैना स्मृति सेवा संस्थान,
हरनाटांड, बगहा

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं



## जितेंद्र गुप्ता
जिला परिषद
प्रतिनिधि क्षेत्र सं. 09,
सह वरिष्ठ जदयू नेता
मधुबनी

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं



## दीपक कुमार
आरओ सह प्रभारी
अंचलाधिकारी अंचल
कार्यालय बगहा– 2

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं



## डॉ आई सी चौबे उपाध्याय
चिकित्सा मंच प्रदेश
विहार सह संचालक
संजीवनी हॉस्पिटल
पिनहीं मिलाहीं, बगहा
blob:https://web.whatsapp.com/48b9fd66-2f18-4ee5-882e-5d5b04e9387f

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं




## दिन दयाल
समाज सेवी
खोतहवा पंचायत,
मधुबनी

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं



## सोनू गुप्ता
गुप्ता पैथोलॉजी
बांसी

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं




## शिव शंकर यादव
प्रधानाध्यापक
राजकियकृत राज
सम्पोषित उच्च 2 विद्यालय
नौतनवा, बगहा–2

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं



## अरविंद कुमार
मुखिया
पंचायत राज बेलहवा
मदनपुर बगहा– 2
पश्चिम चम्पारण

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं



## विंद्र कुमार यादव
वरिष्ठ भाजपा नेता सह
सांसद प्रतिनिधि
संचालक –एम– एस सरवन
इंड़ेंन गैस ग्रामीण वितरक
खैरा टोला भगवानपुर

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं



## जयराम चौरसिया
प्रखंड विकास पदाधिकारी
बगहा दो, पश्चिम चम्पारण

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं



## रूदल चौधरी
प्रधानाध्यापक
प्राथमिक विद्यालय
परोरहा बगहा–2
पश्चिम चम्पारण

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं



## मनोज अंसारी
प्रधानाध्यापक
प्राथमिक विद्यालय
पटेसरा बगहा–2
पश्चिम चम्पारण

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं



## संजय पाठक
मुखिया
ग्राम पंचायत राज गोबरौरा
सह अध्यक्ष मुखिया संघ
लौरिया प्रखंड पश्चिम चम्पारण

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं



## नसीम अहमद
समाजसेवी
सह संवेदक नगर निगम,
बेतिया,
पश्चिम चम्पारण

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं



## डॉ राजेश सिंह
प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी
बगहा दो

